श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 260, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 16 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।


10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

**दीपावली पर पीएम मोदी, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में हजारों नियुक्तियां प्रदान करेंगे**

## पीएम मोदी देंगे हजारों अभ्यर्थियों को तोहफा



**नई दिल्ली: दीपावली** पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में हजारों नियुक्तियां प्रदान करेंगे। मिशन मोड के अंतर्गत 22 अक्तूबर को होने वाले इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हजारों ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने सभी तरह की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं, उन्हें ईमेल के जरिए नियुक्ति पत्र भेजा जा रहा है। सभी अभ्यर्थी अपने सीसीए मुख्यालय में एकत्रित होंगे। वहां पर उनकी ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। संबंधित विभाग के मुख्यालय और जोन में भी अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। पीएम मोदी, दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग का तोहफा प्रदान करेंगे।




**चयन के बावजूद कई जगहों पर नहीं मिली ज्वाइनिंग:** कर्मचारी चयन आयोग 'एसएससी' द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक परीक्षा 'सीजीएल' 2019 की सभी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं, लेकिन उन्हें ज्वाइनिंग नहीं मिल रही। सीबीआईसी व सीबीडीटी के अभ्यर्थियों का कहना था कि उनका इंस्पेक्टर एवं कर सहायक के पद पर चयन हुआ है। कई जगह पर ज्वाइनिंग मिल चुकी है। दिल्ली सहित कुछ जोन में यह प्रक्रिया अभी अधर में लटकी है। डीओपीटी और संबंधित विभाग से उन्हें टालमटोल वाला जवाब मिल रहा था। अप्रैल 2022 को एसएससी सीजीएल परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी किया गया। सात हजार से अधिक परिवारों में खुशियों की लहर दौड़ गई। अभ्यर्थियों को दीवाली से पहले नियुक्ति मिलने की उम्मीद थी। लगभग तीन हजार पदों पर ज्वाइनिंग दे दी गई।

**सितंबर तक दिया था ज्वाइनिंग का भरोसा:** केंद्र सरकार में असिस्टेंट सेक्शन अफसर, असिस्टेंट अकाउंट अफसर, असिस्टेंट ऑडिट अफसर व जूनियर स्टेटिस्टिक्ल अफसर के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को एक-दो माह पहले ही नियुक्ति मिल चुकी है। जिन अभ्यर्थियों को अभी ज्वाइनिंग नहीं मिली है, उनमें ग्रुप सी के सीजीडीए ऑडिटर, डिवीजनल अकाउंटेंट, सीबीआईसी व सीबीडीटी में इंस्पेक्टर/कर सहायक, प्रीवेंटिव अफसर व एग्जामिनर सीबीआईसी शामिल हैं। सीबीआईसी के मुंबई, गोवा व जयपुर में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो गई है। वहां अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग मिल चुकी है। 10 सितंबर 2022 तक इन अभ्यर्थियों की मेडिकल सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इन्हें 25 सितंबर तक नियुक्ति पत्र जारी करने का भरोसा दिलाया गया था।

**मिशन मोड में 10 लाख पदों पर भर्ती की घोषणा**
मोदी सरकार ने जून में यह घोषणा की थी कि केंद्रीय विभागों में 10 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती मिशन मोड में होगी। खास बात है कि पीएमओ ने अपने जानकारी में कहा था कि ये नौकरियां, डेढ़ साल की अवधि में मिलेंगी। पीएमओ के ट्वीट में कहा गया था, 'पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रालयों एवं विभागों में मानव संसाधन की समीक्षा की है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को आदेश दिया है कि अगले डेढ़ सालों में इस पर मिशन मोड में काम किया जाए और 10 लाख लोगों को भर्ती किया जाए।' इसके बाद कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि दीपावली पर जो नियुक्ति पत्र मिलेंगे, उनमें कई भर्तियां ऐसी हैं, जो 2018 या 2019 में निकली थीं, उनकी भर्ती प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। अभ्यर्थियों का मेडिकल हो चुका है, अब उन्हें नियुक्ति पत्र और ज्वाइनिंग मिलने का इंतजार है।

### पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह

**डीओपीटी** द्वारा सभी मंत्रालयों और विभागों को सूचित किया गया है कि वे 22 अक्तूबर को 'मिशन मोड' की तैयारी करें। उन केंद्रों, जोन व सर्कल की पहचान करें, जहां पर चयनित उम्मीदवारों को नियुक्तियां दी जानी हैं। ऐसे सभी उम्मीदवार जिन्हें नियुक्ति मिलनी है, वे पीएम मोदी के मेगा कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। सीबीआईसी द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि इस मेगा इवेंट में नव चयनित उम्मीदवार, 2018 के बाद चयनित हुए और सीजीएलई 2019 के अभ्यर्थी शामिल हों। इसके लिए सीसीए द्वारा डीजीएचआरडी के साथ डेटा शेयर किया गया है। सभी सीसीए से कहा गया है कि वे उन अभ्यर्थियों को सूचना दे दें, जिनके ज्वाइनिंग लैटर तैयार हैं। वे 22 अक्तूबर को संबंधित सीसीए मुख्यालय में आकर अपना नियुक्ति पत्र ले सकते हैं। 2018 एवं 2019 के ऐसे उम्मीदवार, जिन्हें पहले ही नियुक्ति पत्र मिल चुका है, वे भी अपने जोनल मुख्यालय के जरिए पीएम के कार्यक्रम में शामिल हों।

## लोकतंत्र का कोई राजा नहीं होता: शाह

**हिमाचल में जनता की चलेगी, ये डबल इंजन सरकार जो है, इसे हमने देखा है और समझा है : शाह**

**सिरमौर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में रैली की। हाटी आभार रैली के दौरान अमित शाह ने कहा कि अब राजा-महाराजा का टाइम चला गया है। अब लोकतंत्र का समय है। हिमाचल में जनता की चलेगी। ये डबल इंजन सरकार जो है, इसे हमने देखा है और समझा है और इसके फायदे देखे हैं। शाह बोले- दिन लद गए हरी टोपी और लाल टोपी, ऊपर का हिमाचल और नीचे का हिमाचल, कुछ नहीं है भाई। हरी टोपी भी भाजपा की है और लाल टोपी भी भाजपा की है। ऊपर भी भाजपा है और नीचे भी भाजपा है। इस दौरान अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए चुनावी थीम सॉन्ग 'हिमाचल की पुकार, भाजपा सरकार' को लांच किया। यह गाना उदित नारायण ने गाया है।




**कांग्रेस ने हाटी समुदाय के साथ 55 साल अन्याय किया:** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातियां का दर्जा देकर मोदी ने लोगों के 55 साल के संघर्ष को एक झटके में समाप्त किया है। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस का काम आग लगाने का है जबकि पीएम नरेंद्र मोदी का काम विकास करने का है। उन्होंने कहा कि अबकी बार देश में रिवाज बदलता जा रहा है। हिमाचल में भी रिवाज बदलने वाला है। हिमाचल में भाजपा सरकार रिपीट करेगी। सतौन में भाजपा की रैली के लिए पहुंचने पर गृह मंत्री अमित शाह ने हाटी समुदाय प्रधान रजनीश के घर लंच किया। जहां मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने उनका स्वागत किया।

**शाह ने राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा:**
अमित शाह ने अयोध्या राम मंदिर और जम्मू कश्मीर में धारा 370 का जिक्र करते हुए कहा इतने साल बीत गए लेकिन ये काम कोई नहीं कर पाया।

### अमूल-मदर डेयरी का दूध फिर 2 रुपए महंगा

**नई दिल्ली:**
त्योहारी सीजन में आम आदमी को महंगाई का एक और तगड़ा झटका लगा है। अमूल डेयरी-मदर डेयरी ने एक बार फिर दूध की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के साथ फुल क्रीम दूध के दाम 61 रुपये से बढ़ाकर 63 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) आरएस सोढ़ी ने बताया कि अमूल ने गुजरात को छोड़कर दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य सभी राज्यों में फुल क्रीम दूध ।

## सरल हो कानून की भाषा: मोदी



**गांधीनगर: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। दो दिन तक चलने वाला यह कॉन्फ्रेंस गुजरात के एकता नगर में कानून और न्याय मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया है। इसमें केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरन रिजिजू भी हिस्सा ले रहे है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कानून की भाषा सरल होनी चाहिए, ताकि आम आदमी को इससे डर न लगे। जजमेंट स्थानीय भाषा में भी लिखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी कम हुआ है और खासतौर पर गांव में रहने वाले लोगों और गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है। डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने कानून रद्द हुए प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। हमने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिए है। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य नीति निर्माताओं को भारतीय कानूनी और न्यायिक प्रणाली से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कानून मंत्री और सचिव शामिल हो रहे।

**केंद्र- राज्यों के बीच कोऑर्डिनेशन पर चर्चा:** इस कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नए आइडिया का आदान-प्रदान करने और अपने आपसी सहयोग में सुधार करने में सक्षम होंगे।

## शोपियां में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या

**शोपियां:** घाटी में आतंकियों ने एक बार फिर टारगेट किलिंग को अंजाम दिया है। दक्षिण कश्मीर के जिला शोपियां में आंतकियों ने कश्मीरी पंडित को गोली मार कर घायल कर दिया। व्यक्ति को अस्पताल दाखिल कराया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर पहुंच गई है। इलाके को घेर लिया गया है। आतंकियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जिला शोपियां के चौधरी गुंड इलाके में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित पूरण कृष्ण भट को उस



समय गोली मार कर लहूलुहान कर दिया जब वह अपने बाग की ओर जा रहे थे। हमले को अंजाम देकर आतंकी फरार हो गए। वहीं, घायल पूरण भट को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया है, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

**1989 में बदले हालातों में भी नहीं छोड़ी थी घाटी:** सूत्रों के अनुसार, पूरण कृष्ण भट शोपियां के चौधरी गुंड इलाके के।

**जल्द लागू होगी स्कीम; 5 और 15 साल की उम्र में अपडेट कराना होगा**

## बर्थ सर्टिफिकेट के साथ ही मिलेगा आधार नंबर

**नई दिल्ली:** सरकार बच्चे के जन्म के साथ ही उसे आधार नंबर देने का प्लान कर रही है। बर्थ सर्टिफिकेट के साथ ही बच्चे को आधार नंबर दिया जाएगा। इस पर 16 राज्यों में ट्रायल चल रहा है। जल्द ही पूरे देश में इसे लागू कर दिया जाएगा। आधार नंबर मिलने के बाद बच्चे की 5 साल और 15 साल की उम्र होने पर उसका बायोमैट्रिक डेटा अपडेट कराना होगा।




**5 साल से कम उम्र में नहीं होता बायोमैट्रिक्स:** 5 साल से कम उम्र के बच्चों का बायोमैट्रिक्स नहीं लिया जा सकता। इस कारण उनके आईडी को उनके माता-पिता की आईडी से जोड़ा जाता है। इस कारण बच्चे के 5 और 15 साल के हो जाने पर बायोमैट्रिक अपडेट की जरूरत होती है। अभी 16 राज्यों में आधार लिंक्ड बर्थ रजिस्ट्रेशन स्कीम चल रही है। इसे एक साल पहले शुरू किया गया था, जिसमें समय के साथ दूसरे राज्य जुड़ते गए।

**चार राज्यों की काफी आबादी आधार से दूर:** अधिकारियों ने बताया कि अब तक 134 करोड़ आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। असम और मेघालय वे राज्य हैं, जहां पूरी आबादी को अभी तक यूनीक आईडी नहीं मिला है। लद्दाख और नागालैंड के भी दूरदराज के इलाकों में आबादी पूरी तरह से एनरोल नहीं हुई है।

**दीपावली से पहले कचौरी-समोसे और नमकीन हो सकते है महंगे, खाद्य तेलों ने बढ़ाई मुश्किलें**

## महंगाई की मार: छौंक लगाना भी हुआ महंगा

**नई दिल्ली:** इस बार दिवाली के त्यौहार में कचौरी-समोसे, नमकीन और गरमागरम पूड़ियों का स्वाद अब आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। लंबे समय से खाद्य तेलों में आ रही गिरावट फिलहाल थमी गई है। वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू मांग में तेजी के कारण अब खाद्य तेल महंगे हो गए हैं। रुपया और कमजोर होने के कारण भी खाद्य तेलों में तेजी दिखाई दे रही है। दूसरी तरफ बारिश से तिलहन को नुकसान की आशंका से भी खाद्य तेलों के दाम बढ़ने को सहारा मिला है।



**दीपावली के बाद गिर सकते हैं दाम:** इस व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि दीपावली तक खाद्य तेलों में तेजी जारी रह सकती है। इसके बाद दाम गिरने की संभावना है। सप्ताह भर में आयातित तेलों में आरबीडी पामोलीन तेल के थोक भाव 100-102 रुपये से बढ़कर 110-112 रुपये, कच्चे पाम तेल के दाम 90-92 रुपये से बढ़कर 98-100 रुपये प्रति लीटर हो चुके हैं। देसी तेलों में सोया रिफाइंड तेल के दाम 128-130 रुपये से बढ़कर 136-138 रुपये, सरसों तेल के दाम 132-135 रुपये से बढ़कर 138-140 रुपये, मूंगफली तेल के दाम 165-170 रुपये से बढ़कर 175-180 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। इस दौरान सूरजमुखी तेल के थोक भाव भी 8 से 10 रुपये बढ़कर 155 से 160 रुपये प्रति लीटर हो चुके हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, देशभर के खुदरा बाजारों में डिब्बा बंद सोयाबीन रिफाइंड तेल 149.10 रुपये, सरसों तेल 167.61 रुपये, मूंगफली तेल 188.65 रुपये और सूरजमुखी तेल 165.18 रुपये प्रति लीटर औसत मूल्य के हिसाब से बिक रहा है।

## 45 साल में अब तक की सबसे ज्यादा बेरोजगारी: राहुल गांधी

**बेल्लारी:** कुछ दिनों से हम भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर जा रहे हैं। ये सफर 3500 किमी. का है। इसकी शुरूआत कन्याकुमारी से की। उसके बाद केरल और अभी हम कर्नाटक में हैं। शुरूआत में हमने सोचा था कि 3500 किमी. पैदल चलना आसान नहीं है। मगर जब हमने चलना शुरू किया, कुछ दिन बाद चलना काफी आसान लगने लगा। ऐसा लग रहा था, जैसे कोई शक्ति पीछे से यात्रा को आगे की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि 3500 किलोमीटर की मुश्किल दिखने वाली यात्रा को किसी ने आसान बनाया है, तो वो है- जनता का प्यार, समर्थन और भागीदारी। जब भी यात्रा में थकान होती है, तब कोई ना कोई दौड़ता हुआ आता है और मदद करके चला जाता है।



# हंगामे के बीच संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई शिकायतें

## 199 फरियादियों ने दर्ज कराई अपनी शिकायतें आठ का हुआ निस्तारण, पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख से बीडीओ की हुई नोकझोंक



अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में 199 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें समाधान दिवस प्रभारी उप जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा, एवं खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार की मौजूदगी में 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील सभागार कोरांव में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस हंगामेदार रहा। हंगामे के बीच समाधान दिवस प्रभारी अधिकारी उप जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनी। सिकरो में नाली निर्माण कार्य के भुगतान को लेकर पूर्व ब्लाक प्रमुख कोरांव अव्यक्त राम मिश्र व बार एसोसिएशन कोरांव के पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी की बीडीओ से तीखी नोकझोंक भी हुई। पूर्व ब्लाक प्रमुख अव्यक्त राम मिश्र ने बीडीओ पर आरोप लगाया कि 6 महीने से नाली निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, किंतु इनके द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। नाली में मजदूरी कर चुके श्रमिक लगातार मजदूरी के भुगतान की बात कह रहे हैं। कमीशन खोरी का आरोप लगाते पूर्व ब्लाक प्रमुख व अधिवक्ताओं ने बीडीओ को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई। इस बाबत खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि टेंडर फर्म के नाम किया गया है किंतु फर्म के द्वारा सामग्री आपूर्ति नहीं की गई। नाली निर्माण कार्य करा दिया गया है नियमानुसार नाली निर्माण कार्य का भुगतान कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव अमिलिया पाल गांव का रहने वाला दोनो पैर से दिव्यांग हरिनंद कुमार पुत्र सुरेश कुमार वीडियो से शिकायत किया कि मेरा नाम आवास पात्रता सूची में था किंतु ग्राम पंचायत सचिव आनंद मोहन के द्वारा मुझे अपात्र कर दिया गया। जिस पर बीडीओ ने नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 199 शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 93, पुलिस से 35, विकास से 42, शिक्षा से एक, स्वास्थ्य से एक, समाज कल्याण की चार तथा कुल 23 अन्य शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को 26 से 28 अक्टूबर तक निस्तारित कर आख्या देने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी शिकायत का निस्तारण घर बैठे न किया जाए। सभी शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से मिलकर स्थलीय सत्यापन के बाद किया जाए। जिससे वही शिकायतें बार-बार संपूर्ण समाधान दिवस में न आएं। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 28 अक्टूबर के बाद कोई भी शिकायत लंबित नहीं होनी चाहिए। निस्तारण के साथ-साथ संबंधित शिकायतकर्ता का निस्तारण में नंबर भी अंकित किया जाए। जिससे उक्त शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण की पुष्टि की जा सके। संपूर्ण समाधान दिवस में बिजली, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास समेत कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### आवास व रास्ते के लिए महिलाओं ने तहसील में किया हंगामा, समाधान दिवस पर दर्ज कराई शिकायत



**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत पड़रिया की दो दर्जनो महिलाओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में आवास व रास्ते को लेकर जमकर हंगामा काटा। संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान महिलाएं बाहर ही बैठी रही। तहसील समाधान दिवस में शिकायत कर आवास व रास्ता निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। पड़रिया गांव की रहने वाली प्रभावती, ममता, कौशल्या, लाल जी, सोभनाथ, किरण, शिव शंकर, सुंदरलाल, शीला, परदेसी मुसहर, कौशलेश, फूलचंद, अजय कुमार आदि लोगों ने कहा कि आजादी के बाद से हम लोग झुग्गी झोपड़ी में ही निवास करने को मजबूर हैं। कहा कि रास्ता न होने के कारण हम लोग कीचड़ व पानी में ही चलने के लिए मजबूर हैं। जिसको लेकर कई बार शिकायत की गई किंतु सक्षम अधिकारियों व जिम्मेदारों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे हम लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। मीडिया से मुखातिब होते हुए महिलाओं ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत कर आवास दिए जाने एवं रास्ता निर्माण कराए जाने की मांग की गई, किंतु टालमटोल के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे खानाबदोश जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। महिलाओं के प्रदर्शन की अगुवाई अपना दल एस सांस्कृतिक मंच के जिलाध्यक्ष शिवबालक कोल व क्षेत्र पंचायत सदस्य पड़रिया के प्रतिनिधि यादवेंद्र अहिर कर रहे थे। जिन्होंने अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए सभी पात्रों को आवास दिए जाने तथा रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग की।

# एसडीएम बारा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**बारा।** तहसील मुख्यालय बारा में उप जिला अधिकारी बारा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस आज अधिकतर तहसील मुख्यालय में कुर्सियां खाली दिखी वही कुछ फरियादियों की भीड़ लगी रही अगर देखा जाए तो संपूर्ण समाधान दिवस सिर्फ दिखावे के लिए रह गया है अधिकारियों के पास प्रार्थना पत्र सौंपने के बावजूद भी नहीं हो रही है कार्रवाई ।आज समाधान दिवस में अधिकतर राजस्व विभाग से जुड़े हैं प्रार्थना पत्र आया हुआ था जिसमें एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं किया गया एक ऐसा मामला जो कि बार-बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन आज तक निस्तारण नहीं किया गया यह मामला तहसील बारा के ग्राम घूरमी का है तालाब पर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया गया है जोकि हल्का लेखपाल व तहसील के अधिकारियों के द्वारा यह भी साबित किया गया है कि तालाब पर अतिक्रमण किया गया है लेकिन अतिक्रमण कार्यों के विरुद्ध आज तक प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है वही गांव के ही रहने वाले शिव कुमार जायसवाल से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि तालाब नंबर 19 पर कई वर्षों से अवैध तरीके से घर बनाकर रह रहे हैं लेकिन सोचने वाली बात यह है कि अधिकारी मौके पर जाकर जांच करते हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करते ।इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। तहसील दिवस में कुल 143 प्रार्थना पत्र आए जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग से ही था राजस्व विभाग 85,पुलिस विभाग से 17,विकास विभाग से 18, विद्युत विभाग से 8 जल निगम से2, आपूर्ति विभाग से 2, शिक्षा विभाग से 5 सिंचाई विभाग से 1 नगर विकास विभाग से.1, 143 प्रार्थना पत्र आए जिसमें उपजिलाधिकारी बारा ने सम्बन्धित विभाग को सौप कर कार्यवाही के लिए कहा ।तहसील दिवस में उपस्थित उप जिलाधिकारी बारा शुभम यादव, खंड विकास अधिकारी जसरा सपना अवस्थी , थाना प्रभारी बारा कमलेश कुमार, थाना प्रभारी शंकरगढ़ ,थाना प्रभारी लालापुर, चौकी इंचार्ज जारी, तहसीलदार बारा गणेश सिंह, नायब तहसीलदार बारा तथा संबंधित विभागो के प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



धार्मिक अनुष्ठान कर खेल मैदान का शिलान्यास करते ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल

# ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने किया खेल मैदान का शिलान्यास

**फूलपुर।** प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए सूबे की सरकार दिन रात विस्तृत तरीके से काम कर रही है।ग्रामीण युवाओं को उत्तम स्वास्थ्य मिले तथा खेलकूद के लिए उन्हें अन्यत्र जगहों पर न जाना पड़े इसलिए सरकार गांव में ही खेल का मैदान बनवा रही है। उक्त बातें शुक्रवार को फूलपुर विकास खण्ड के लतीफपुर गांव में खेल मैदान का शिलान्यास करते हुए फूलपुर ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने कही। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गांव में अमृत सरोवर,अमृत वाटिका, स्मृति वाटिका,खेल मैदान, तालाब का निर्माण होने से जहां गांवों में स्थाई परिसंपत्तियों का सृजन हो रहा है वहीं गांव के मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिल रहा है। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद वर्मा,एडीओ पंचायत गुलाब चन्द पाण्डेय, तकनीकी सहायक बृजेश यादव,ग्राम प्रधान प्रियंका बिंद के साथ ही अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एजेंडा के अनुसार शिक्षक संकुलों की आयोजित हो बैठकें : ओपी मिश्रा

## कौड़िहार ब्लाक के शिक्षक संकुलों की मासिक बैठक में डीजी के यूट्यूब सत्र पर की गई चर्चा, शिक्षक संकुलों के सत्र विभाजन एवं पंचसूत्र पर की गई बात, शिक्षक संकुलों की बैठक को सभी एआरपी ने किया संबोधित







कौड़िहार बीआरसी में शिक्षक संकुल की बैठक को संबोधित करते बीईओ कौड़िहार ओपी मिश्रा तथा बैठक में उपस्थित शिक्षक संकुल।

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** कौड़िहार बीआरसी में शिक्षक स्कूलों की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संकुलवार शिक्षक संकुलों की आयोजित होने वाली मासिक बैठक में शिक्षक संकुलों के विभाजन एवं अन्य सूत्र पर भी चर्चा की गई। डीजी के यूट्यूब सत्र पर भी बीईओ ने मुख्य रूप से चर्चा किया। कौड़िहार बीआरसी में समस्त शिक्षक संकुलों की मासिक बैठक हुई। ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने पर फोकस करते हुए खंड शिक्षाधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा ने 10 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित सुपर फिफ्टी के अंतर्गत मीटिंग के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की। 7 अक्टूबर को डीजी के यूट्यूब सत्र के आदेशों का पालन कराने पर भी जोर दिया। बीआरसी स्तर पर शिक्षक संकुलों को एजेंडे के मुताबिक बैठकों का संचालन और स्कूल ऑफ द मंथ का चुनाव कराने के लिए कहा। यही नहीं शिक्षण योजना के अनुसार प्रतिदिन प्रतिदिन कार्य करते हुए यथाशीघ्र वार रूम की स्थापना की जाए। शिक्षक संकुलों के मासिक बैठक सत्र के विभाजन एवं पंचसूत्र पर अमल करने का निर्देश दिया। चाइल्ड टू चाइल्ड ओनरशिप और टीचर टू चाइल्ड ओनरशिप की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला। शिक्षक संकुलों की बैठक को एआरपी जय सिंह, अजमल अमीन अंसारी, प्रभा शंकर शर्मा, विष्णु मिश्रा, अवनीश सिंह ने भी संबोधित किया।

## न्यूज झरोखा...

### हर्रई में संगीतमय राम कथा जुट रही है भक्तों की भीड़



**करछना।** क्षेत्र के हर्रई ग्राम सभा में जन कल्याण हेतु सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन किया गया है कथा के चौथे दिन पुरोहित विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने भगवान राम की कथा का विस्तार से वर्णन किया और सुमांगलिक गीतों की प्रस्तुतियां भी होती रही पर विराजमान ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम हिमालय से पधारे विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने उपदेशीत करते हुए लोगों को बताया कि कलश यात्रा में जो भी नर- नारी सीकर करते हैं उन्हें अनेकों तीर्थों का पुण्य फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य स्त्रोता यजमान हरि शंकर पांडे,, विधायक जी,, एवं श्रीमती उषा देवी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलश यात्रा के आयोजक आशीष पांडे व अजय पांडे ने सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया। जिस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पांडे, बद्री प्रसाद पांडे, रामजी मिश्रा, विष्णु तिवारी, महेंद्र तिवारी, सेठ तिवारी, छविनाथ तिवारी, बब्बू तिवारी, शालीकम आदि लोग मौजूद रहे।

### चोरी के दो बंडल तार के साथ चोर गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल और नगदी बरामद





**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने चोरी के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के दो बंडल तार, मोबाइल, नगदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। बरामद एक बंडल तार कापर और एक बंडल एल्युमिनियम का है। पूछताछ के बाद आरोपी का चालान भेज दिया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक गंगाराम सोनकर अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर धारा 457, 380, के अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ संजय पुत्र प्रमोद कुमार हरिजन (निवासी मिश्रा पुरवा, शंकरगढ़) को धर दबोचा। यह गिरफ्तारी खानसेमरा मंदिर के निकट से की गई है। आरोपी के कब्जे से तांबे का एक बंडल तार, एल्युमिनियम का एक बंडल तार आदि बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल रामबाबू और संतोष पटेल भी शामिल थे।

### गरीबों मजदूरों व किसानों के नेता थे मुलायम सिंह यादव



**जंघई।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर चनेथू डीह गांव में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित किया और मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि नेता जी का जाना एक युगपुरुष का अंत हो गया नेता जी छोटे से गांव सैफई के एक गरीब किसान के घर में जन्मे और अपने छात्र जीवन से ही हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों, व्यापारियों, दलितों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, समाज के वंचितों की लड़ाई हमेशा सड़क से लेकर संसद तक लड़ते रहे उनका राजनीतिक लक्ष्य समता मूलक समाज को आगे बढ़ाना था।आज हम लोगों ने ऐसे प्रखर समाजवादी चिंतक को खोया है वो नेता ही नहीं एक विचार धारा थे।इस अवसर पर शारदा प्रसाद यादव, डॉ सुरेश यादव,आद्या प्रसाद यादव, अवध नारायण यादव, राजाराम यादव, भगवंत प्रसाद गानू पूर्व प्रधान, जज्जे यादव, कोतई गौड़ बीडीसी, कल्लू राम, श्यामधर, जोखनराम, श्यामाचरण, बृजलाल, कान्हा, हवलदार, गयादीन, हिंछलाल, शिवचंद्र, अखिलेश, कलेश्वर, पवन कुमार, विकास, विनोद, राज गोपाल, गणेश, अजय शंकर,गोलू, गोली, सचिन, सुनील, सुजीत, उत्तम, रमेश, अभिषेक,नान्हक, इंद्रजीत,दिव्यम, सचिन, विपुल, विजय शंकर, अवनीश यादव मौजूद रहे।

### नैनी में चलती लाइन से ट्रांसफार्मर चोरी जेई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के इंदलपुर पॉवर हाउस अंर्तगत मड़ौका हड्डी गोदाम के पास लगा एक ट्रांसफार्मर को चलती लाइन से चोरी कर लिया। कुछ दूर पर ट्रांसफार्मर की खाली बॉडी पड़ी मिली। उसमें लगे कॉपर के क्वायल एवं तेल का टैंक गायब था। जेई की तहरीर पर इंदलपुर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस दौरान लगभग 10 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जेई इंदलपुर सुबेदार प्रजापति ने बताया कि 250 केवीए का ट्रांसफार्मर था। जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रूपए है। उसमें से कॉपर और तेल चोरी कर लिया गया। वैकल्पिक तौर पर ट्राली ट्रांसफार्मर लगवाकर सप्लाई चालू करा दी गई है।

### 12 कवियों सहित 51 पत्रकारों व 101 समाज सेवियों का होगा सम्मान

#### वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**करछना।** के भडेवरा बाजार स्थित लाल लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई करछना का वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन 16 अक्टूबर रविवार को तहसील अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है , जिसमें महासंघ से जुड़े सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया जा रहा है । भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के इतिहास में किसी तहसील इकाई द्वारा अब तक यह सबसे बड़ा सम्मान समारोह होगा जिसमें कवियों पत्रकारों और समाजसेवियों को सर मलिक किया जाएगा यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तहसील इकाई करछना के मीडिया प्रभारी शिवम मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि महासंघ की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले संबंधित ग्राम प्रधानों सहित कॉलेजों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे। कवियों के मंच का संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम करेंगे इसके अलावा महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश पवन प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल मंडल अध्यक्ष अजय कुमार पांडेय व जिला अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी व जिला मुख्य महासचिव मुनेश कुमार मिश्र बतौर वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय करेंगे जिसमें यमुनापार की सभी तहसीलों के पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे और स्थानीय नामचीन कवियों का जमावड़ा होगा। आयोजन समिति में सभी साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

# रामलीला मंचन में परशुराम लक्ष्मण संवाद देख दर्शक हुए रोमांचित



अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के बसहरा तरहार गांव में श्रीकुलदीप सिंह रामलीला समिति द्वारा शनिवार को रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद और सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान लक्ष्मण परशुराम संवाद ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर, शिव धनुष तोड़ने, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम विवाह की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर का दृश्य दिखाया। श्री राम शिव धनुष को तोड़ते हैं। शिव धनुष के टूटते ही जहां जयश्रीराम के उद्घोष से पंडाल गूंज उठा। वहीं जानकारी मिलने पर परशुराम की गर्जना से रामलीला मैदान में सन्नाटा पसर गया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद काफी सराहे गए।इस मौके पर अनिल कुमार सिंह,बलबीर सिंह, प्रभाकांत लेखपाल, बिपिन सिंह, भूपेन्द्र मिश्र,महराज सिंह,सुरेंद्र पटेल,भूषण सिंह, घनश्याम पांडेय, शिवकांत मिश्र, बंशीलाल मिश्र, हीरा लाल पटेल, हौसला प्रसाद, ललित, भगवान सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

#### लक्ष्मण शक्ति आज

**लालापुर।** श्री कुलदीप सिंह रामलीला समिति बसहरा तरहार में लक्ष्मण शक्ति मेघनाथ वध का मंचन इलेक्ट्रॉनिक विधि एवं कम्प्यूटर विधि द्वारा आकाशिय आतिशबाजी के साथ रविवार को दिखाया जायेगा।यह जानकारी रामलीला कमेटी के सदस्य बलबीर सिंह ने दिया।



# सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आये हैं

**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर की रामलीला में समापन दिवस पर भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। विजय दशमी के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया इस दौरान भगवान की चौकी भी निकाली गयी जो गांव के विभिन्न हिस्सों से होते हुए बरना बाजार वरूणेश्वर महादेव तक पहुंची।इस दौरान अध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन तिवारी एडवोकेट, मंत्री जितेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष संदीप तिवारी, महामंत्री राजित राम यादव, सचिव नितिन कुमार, मनोज तिवारी, संयोजक रमेश चन्द्र तिवारी, संरक्षक भुलेश्वर नाथ तिवारी प्रधान, बासुचंद्र तिवारी, अवधेश तिवारी, लाल जी यादव, प्रदीप तिवारी, रमाकांत यादव, चिंतामणि, श्यामसुंदर, राजेश शुक्ला, दयाराम पांडेय, राजित राम पांडेय, दुष्यंत विश्वकर्मा, राजू तिवारी, मिथिलेश तिवारी, मानिकचंद्र तिवारी, विशाल, अनुराग, अनुभव, सक्षम, हर्ष, उज्जवल, रविंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, नितिन तिवारी, पंकज यादव एवं कमेटी के समस्त पात्र पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिव धनुष टूटते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुवा परिसर



**सिरसा।** प्रयागराज यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के संरक्षक विमल कुमार पांडेय (मैनेजर) के नेतृत्व में रामलीला का आयोजन किया जा रहा हैं। कलाकारों ने धनुष यज्ञ , रावण बाणासु संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, पेटन (पेटू राजा) अभिनय का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को उठाया तो पूरा ब्रह्मांड कांप उठा। रामलीला की शुरूआत जनकपुर में राजा जनक जी अपनी पुत्री सीतापुर स्वयंवर के लिए देश देशांतर के राजाओ को बुलाते हैं और शिव धनुष को उठाने प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखते हैं। आयोजित स्वयंवर में कई देशों के नरेश व राजकुमार आए यहां तक कि राजा रावण की धनुष यज्ञ में अपना दांव आजमाने आया। भगवान भक्त बाणासु पहुंचे। रावण-बाणासुर संवाद के शंखदान से देश के राजा थर्रा उठे। रावण के जाने के बाद देश के राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया। बारी-बारी से सभी राजा धनुष उठाने का प्रयास करते हैं कोई राजा धनुष को हिला तक नहीं पाया। जिससे देखकर दुखी होकर राजा जनक कहते हैं कि हम किससे कहें कौन बलशाली है ,हमको तो पूर्ण विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। जिसे सुनकर लक्ष्मण जी आंख बबूला हो जाते हैं। प्रभु श्री राम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं फिर सीता जी का विवाह श्री राम से हो जाता है। इस रामलीला अभिनय में पेटू राजा के द्वारा धनुष तोड़ने के हास्य अभियान को देखकर श्रोता लोट-पोट हो गए। धनुष यज्ञ रामलीला मंचन में रणजीत सिंह यादव (पंडित जी) के टीम कलाकारों ने बाधी समा।

# भण्डा : भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ रामलीला का हुआ समापन



**जंघई।** आदर्श रामलीला कमेटी भण्डा गांव में आयोजित रामलीला मंचन में समापन दिवस पर भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ रामलीला का समापन हुआ। रामलीला मंचन के अंतिम दिन भगवान श्री राम ने लंका का राजकाज रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया।विभीषण भगवान श्रीराम को अशोक वाटिका ले जाते हैं जहां भगवान श्री राम और सीता का मिलन होता है। भगवान श्री राम के 14 वर्ष का वनवास भी समाप्त हो जाता है। वे माता जानकी, लक्ष्मण हनुमान संग अयोध्या प्रस्थान करते हैं। श्रीराम के आगमन की सूचना से अयोध्या नगरी में चारों तरफ हर्ष और उल्लास फैल जाता है। गुरुओं की उपस्थिति में भगवान श्री राम का राजतिलक किया जाता है अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष परमेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष हुबराज यादव, रामकुमार सिंह, व्यास संचालक पन्ना लाल शर्मा, चंद्र बहादुर सिंह, वीरभद्र सिंह, किशन सिंह, मुन्ना सिंह, पंकज सिंह, आलोक सिंह पूर्व प्रधान, सहज प्रताप सिंह, हरिकेश सिंह, गौरव राजपूत, अभय प्रताप सिंह, लकी सिंह, बंटी सिंह, जितेंद्र, पवन सिंह, अवनीश सिंह, चंदन सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कुंदन, सचिन सिंह, नीरज सिंह, मनीष सिंह, अमित सिंह विक्की, गब्बर, शिवम, हर्ष, अंश तिवारी, आदर्श सिंह, गोरेलाल शर्मा, पप्पू गौड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## डेंगू से महिला की हुई मौत आक्रोश

**झूंसी।** शहर से लेकर गांव तक लगातार डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है आए दिन डेंगू की चपेट में आने से किसी न किसी की मौत हो रही है। शनिवार को झूंसी में डेंगू से पीड़ित एक महिला की मौत हो गई जिसकी वजह से क्षेत्र में लोगों में भय व्याप्त है। मलावा खुर्द निवासिनी ललिता देवी उम्र 35 पत्नी अजय यादव डेंगू बुखार से पीड़ित थी जिसका क्षेत्र के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को डॉक्टरों ने उसे ठीक बता कर डिस्चार्ज कर दिया जिसकी शनिवार की सुबह मौत हो गई ललिता की मौत से एक और जहां घर में कोहराम मचा हुआ है वहीं आसपास लोगों में डेंगू का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि हर घर में लोग बुखार से पीड़ित है लेकिन न तो एंटी लारवा का छिड़काव हो रहा है न ही प्रशासन की ओर से फागिंग की जा रही है।

# प्रयागराज में 64 केंद्रों में हुई पीईटी में 74 फीसदी परीक्षार्थी उपस्थित

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से शनिवार को आयोजित प्राथमिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में गणित के सवालों की लंबी गणना ने अभ्यर्थियों को उलझाया तो हिंदी और अंग्रेजी के गद्यांश बड़े होने के बावजूद उनसे जुड़े सवाल अभ्यर्थियों को आसान लगे। शहर के 64 केंद्रों में दो पालियों में हुई परीक्षा में 74 फीसदी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़े विशेषज्ञ अशुतोष तिवारी के अनुसार दूसरी पाली की परीक्षा में गणित के पाई चार्ट और डाटा इंटरप्रिटेशन से जुड़े सवालों की गणना ने अधिक समय लिया। ऐसे में अभ्यर्थियों को गणित के सवाल कुछ कठिन लगे। वहीं, हिंदी और अंग्रेजी के सवालों को अभ्यर्थियों ने आसानी से हल कर लिया। कुल मिलाकर दोनों पालियों के पेपर संतुलित रहे। कुछ सवाल काफी कठिन तो कुछ सरल थे। विशेषज्ञ वागेश कुमार पांडेय के अनुसार पहली पाली के मुकाबले दूसरी पाली का पेपर थोड़ा कठिन था। गणित के सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाया। दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन के सवाल भी अभ्यर्थियों को थोड़े कठिन लगे, लेकिन विज्ञान के सवाल आसान थे। हिंदी और अंग्रेजी के गद्यांश बड़े थे, लेकिन उन पर आधारित सवाल सामान्य थे। वहीं, अंग्रेजी में वर्ड पावर से जुड़े कुछ सवाल कठिन थे। कुल मिलाकर पेपर संतुलित और स्तरीय रहा।सीएवी इंटर कॉलेज में सुबह 10 से 12 बजे की पहली पाली की परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी आदित्य, मिथिलेश यादव, बबिता कुमारी और रोली सिंह को पेपर आसान लगा। पहली पाली की परीक्षा के लिए प्रयागराज में 30240 और अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक हुई दूसरी पाली की परीक्षा में भी इतनी ही संख्या में अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 22386 परीक्षार्थी (74.03 फीसदी) और दूसरी पाली में 22364 परीक्षार्थी (73.96 फीसदी) उपस्थित रहे।



## कोचिंग जा रही छात्रा को अनियंत्रित बाइक ने मारी जोरदार टक्कर

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर अनियंत्रित बाइक में साइकिल से कोचिंग जा रही छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई आनन-फानन में घायल छात्रा को हॉस्पिटल भिजवाया गया।मिली जानकारी के अनुसार पिंकी पटेल निवासी अमोरा रोजाना की तरह शनिवार सुबह भी साइकिल से मेजारोड कोचिंग जा रही थी जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के विसहिजन कला गांव के समीप पहुंची ही थी कि पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद रहे भाजपा के नमामि गंगे के जिला संयोजक डॉ अमरेश तिवारी ने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए मामले की जानकारी डायल 112 को दिया सूचना पर पहुंची डायल 112 घायल छात्रा को लेकर सीएचसी मेजा ले गयी जहां छात्रा की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

**न्यूज झरोखा**

## भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा वृद्ध कैदियों को सहायता एवं सामग्री का वितरण



**नैनी।** सेंट्रल जेल, नैनी में भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा उन बुजुर्ग महिला एवं पुरुष कैदियों को उनके दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुएं एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया ' जिन्हें उनके घर - परिवार वाले त्याग दिए हैं ' और उनसे मिलने तक नहीं आते हैं ' इस अवसर पर सेंट्रल जेल नैनी के जेलर ( डी.एस.ओ ) श्री आर.के. सिंह सहित जेल प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ' भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी बुजुर्ग तथा सजा पाए कैदियों को ईश्वरीय भक्ति से जुड़ने तथा आगे के जीवन में सुधार करने का संकल्प दिलाया ' तथा उन्हें आश्वासन दिया कि भारत विकास परिषद *मानव सेवा ही ईश्वर सेवा के रूप में हमेशा अपनी सेवा एवं सहयोग देता रहेगा 'कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन गुप्त, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा , प्रदीप पांडे , वी. पी. गुप्ता , अमित श्याम , जितेंद्र कुमार , दीपा जोशी, अनामिका दीप बरनवाल शुभम एवं अन्य सदस्य तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे! अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने पूरे जेल प्रशासन तथा जेलर आर.के. सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दुर्गा भाभी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्गा भाभी की पुण्यतिथि के अवसर पर' दुर्गा भाभी का व्यक्तित्व' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए दुर्गा भाभी के योगदान की चर्चा किए बिना भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का इतिहास अधूरा रहेगा । संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ अवधेश कुमार ने दुर्गा भाभी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दुर्गा भाभी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की आयोजन समिति के संयोजक तथा इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ धीरेंद्र कुमार के संयोजकत्त्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रोफेसर अवधेश कुमार झा ने करते हुए कहा कि भारत के क्रांतिकारियों के मध्य आपसी सहयोग स्थापित करने में दुर्गा भाभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।इस अवसर पर प्रोफेसर मंजू लता, प्रोफेसर केसरी नंदन मिश्र , डॉ विजय प्रकाश ,महाविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक डॉक्टर भास्कर शुक्ला, डॉ विपिन कुमार ,डॉ अमित मिश्र, डॉ इंदु प्रकाश सिंह आदि समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## भगवत कथा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य



**झूंसी।** नई झूंसी रामलीला मैदान में चल रही श्री मदभागवत कथा में शनिवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचकर कथावाचक का आशीर्वाद प्राप्त कर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। इस अवसर पर श्रीमद भगवत कथा के आयोजक मंडल ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश केशरवानी उर्फ भुल्लू, रवि अग्रवाल, राजा केशरवानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप निषाद, रामबाबू केशरवानी, मोहित केशरवानी, रवि निषाद, विजय अग्रवाल, दीपक केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## फीता काट कर रामलीला मंचन का किया उद्घाटन



**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डीहा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 10 दिवसीय मुलायम सिंह यादव राम लीला कमेटी द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया गया है जिसका शनिवार को जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ने फीता काट कर रामलीला मंचन कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर गांव के प्रधान प्रेमचंद ,डॉ बहादुर यादव जितेंद्र शुक्ला एडवोकेट ,राजन यादव ,बाबूराम तिवारी विमल चौधरी ,पिंटू यादव ,बाबा पाल ओमप्रकाश आदिवासी प्रधान पुत्र ,आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शौच के लिए गयी युवती के साथ छेडखानी का आरोप

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक व्यक्ति ने एक युवक पर शौच के लिए गयी उसकी पुत्री के साथ आश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए। थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव का एक व्यक्ति ने बेटी के साथ शौच के दरम्यान एक युवक पर आश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। तथा गुहार लगाने पर अन्य लोगों द्वारा आ कर मार पीट का कथित आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस तहरीर ले कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में मामला झूठा पाया गया है और दूसरे पक्ष ने भी छेडखानी की तहरीर दी है।

# पचास लाख की चोरी का झूंसी पुलिस ने किया खुलासा



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** न्याय नगर कॉलोनी स्थित एक व्यापारी के घर पखवारे भर पहले हुई 50 लाख से अधिक की चोरी का झूंसी पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया। जिसमे दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभी मुख्य चार आरोपियों की पुलिस को तलाश है। पखवारे भर पहले उतरांव के बलरामपुर बरेठी निवासी व्यापारी ओमप्रकाश केसरवानी के झूंसी न्याय नगर स्थित मकान का ताला तोड़ कर चोरो ने पचास लाख से अधिक के जेवरात, डेढ़ लाख नगदी के साथ एलईडी टीवी चोरी कर ले गए थे। परिवार उस वक्त दुर्गा पूजा में गया था देर रात लौटने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि चोर नैनो कार से चोरी करने आए थे। झूंसी पुलिस व एसओजी गंगापार ने शुक्रवार की रात धूमनगंज राजरूपपुर से चोरी में उपयुक्त हुई नैनो कार, एलईडी टीवी के साथ अरुण कुमार बहल पुत्र द्वारिका प्रसाद व शाहगंज के मोहसिनगंज से अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र राजेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि चोरी के मुख्य आरोपी अल्तमस, रोहित व दो अन्य फरार है जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में छतनाग चौकी इंचार्ज नविन सिंह, एसआई धर्मेंद्र यादव, सचिन गुप्ता, एसओजी प्रभारी गंगापार इंद्रप्रताप सिंह, सिपाही जितेंद्र सिंह, दीपक मिश्रा, रविदेव रहे।



## एसएसपी ने किया झूंसी में पैदल गस्त

**झूंसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सैलेंद्र पांडे ने गुरुवार को झूंसी में पैदल गस्त कर वाहनों की चेकिंग करवाई साथ ही मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। शनिवार की शाम एसएसपी शैलेंद्र पांडे झूंसी के में भारी पुलिस फोर्स के साथ गस्त किया। फोर्स के साथ एसएसपी को सड़क पर गश्त करते देख लोगो में हड़कम्प मच गया। एसएसपी ने जीटी रोड स्थित पुलिस बूथ से लाल चौक फिर छतनाग रोड व जीटी रोड पर पैदल गस्त करते वापस पुलिस बूथ तक आये। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई साथ ही दर्जनों चालान भी काटे गए। उपस्थित पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे ने पटाखे जैसी आवाज करने वाली बाइक, ब्लैक फिल्म, बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर कार्यवाही का निर्देश दिया साथ ही संदिग्ध लोगों की भी तलाशी का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ दारागंज आस्था जयसवाल, इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह सहित झूंसी की फोर्स मौजूद रही।

## 20 घरों की बिजली गुल,117000 रुपया वसूला

### विद्युत विभाग ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान



**शंकरगढ़।** विद्युत विभाग ने शनिवार को अभियान चलाकर बिजली चोरी पकड़ी, साथ ही बकाया भी वसूला। शंकरगढ़ कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने 20 बकाएदारों की बिजली गुल कर दी, जबकि इस दौरान लाखों रुपये का बकाया भी वसूला गया। बिजली विभाग के द्वारा चलाए गए इस अभियान को लेकर लोगों में हड़कंप मचा रहा। अवर अभियंता रवि प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा तीन टीमें शंकरगढ़ क्षेत्र में लगाई गई हैं। इसमें एक टीम नगर पंचायत शंकरगढ़ (कस्बा) और दो टीमें ग्रामीणों क्षेत्रों में लगातार कटियामारी और बकाएदारों की चेकिंग कर रही हैं। इसी कड़ी में सुबह से लेकर शाम तक चेकिंग की गई। इस दौरान करीब एक लाख 17 हजार रुपया बकाया वसूला गया और बीस बकाएदारों के कनेक्शन भी काटे गए। इस दौरान कई कटियामारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोगों से अपील की जाती है कि वह कटियामारी करने से बाज आएं और कनेक्शन के लिए आवेदन करें। यह चेकिंग अभियान तालापर, हिनौती पांडेय, शंकरगढ़ की पुरानी बाजार, थाना रोड आदि जगहों पर चलाया गया। इस अभियान में अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह, अवर अभियंता रवि प्रकाश, बड़े बाबू प्रशांत रघुवंशी, टीजी-2 मनोज कुमार, मनीष कुमार, गोपाल केसरवानी, दिलीप कुमार, विपुल यादव, सुरजीत सिंह, जीतेंद्र सोनी, मीटर रीडर संदीप आदि लोग मौजूद रहे।



## बीडी सेंट्रल एकेडमी खानपुर में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**मेजा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा के अंतर्गत बी0 डी0 सेंट्रल एकेडमी,खानपुर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुलिस चौकी इंचार्ज सिरसा जगदीश कुमार रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। उसके बाद फीता काटकर प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता में वाटर रेस, इन आउट गेम, खो -खो ,वाटर ग्लास रेस ,म्यूजिकल चेयर गेम खेला गया , खो- खो प्रतियोगिता बिंदास और जांबाज टीम के बीच खेला गया। जिसमें जांबाज टीम ने जीत दर्ज करके ट्राफी प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड ,मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। गया मुख्य अतिथि पुलिस चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे खेल के माध्यम से ही बच्चों में अपनी प्रतिभा को देखने का मौका मिलता है। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं, कोई भी बच्चा यदि खेल में हार गया हो तो उसे निराश नहीं होना चाहिए। इसलिए की जब खेल खेलेंगे तो जीत और हार होती रहेगी , स्कूल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने खेल मे जीतने वाले बच्चो को बधाई दिया और हारने वाले बच्चो को आगे और भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की निदेशक बबीता गुप्ता ने बच्चो को खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने की बात कही। प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव ने अतिथियों और बच्चो को धन्यवाद दिया इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस चौकी सिरसा के कांस्टेबल धीरज कुमार, नंद लाल और शिक्षक संतोष कुमार, वेद प्रकाश यादव ,शिक्षिकाएं गूंजा, नेहा गोयल ,शिवानी निषाद, सरिता यादव, शबनम, नेहा गोयल, अलका सिंह ,रमा यादव, जया शर्मा ,वेद प्रकाश गुप्ता, पवन कुमार आदि सभी स्टाप उपस्थित रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल , उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** पिकअप की टक्कर से बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया था। जिसका उपचार एस आर एन में चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम देवापुर(गौरीगंज) निवासी सतीश कुमार उर्फ पिंटू विश्वकर्मा 32 वर्ष पुत्र पन्ना लाल अपनी बाइक से शनिवार को सुबह सोरांव जा रहा था। बताते हैं की जैसे सतीश कुमार ग्राम जोगापुर फोरलेन पर पहुंचा पीछे आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सतिश कुमार विश्वकर्मा बुरी तरह घायल हो गया जिसे पहले बेली ले जाया गया। डाक्टरों के जवाब देने के बाद सतीश कुमार को एस आर एन में भर्ती कराया गया था। शनिवार को देर शाम सतीश कुमार ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर जैसे घर पहुंची घर में बडा भाई सुशील , छोटा भाई सोनू ,पिता पन्ना लाल ,पत्नी प्रमिला ,दो बेटियां श्रेया ,श्रद्धा, एक बेटा प्रियांशु का रो रो कर बुरा हाल है। तथा घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। स्थानीय लोगों ने पिकअप का फोटो खिंच लिया। पुलिस पिकअप चालक और पिकअप की तलाश में जुटी हुई है।

# लेखपाल ने एसडीएम के स्टोनो को दी जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में उप जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा समेत कई अधिकारी जहां शिकायतें सुन रहे थे, वहीं एसडीएम के आसु लिपिक कक्ष में बवाल हंगामा व गाली गलौज देख अधिवक्ताओं एवं फरियादियों की भारी भीड़ जुट गई। देखते ही देखते आशु लिपिक व लेखपाल में गहमागहमी इतना बढ़ गई कि तू तू मैं मैं का मामला गाली गलौज पर आ पहुंचा । और आशु लिपिक ने लेखपाल को अपने कक्ष से बाहर जाने को कहा। किसी तरह एसडीएम की सुरक्षा गार्डों ने लेखपाल और लिपिक के विवाद को शांत कराया। मामला यह है कि प्रदीप कुमार सरोज एसडीएम कोरांव के लिपिक है जो तहसील कोरांव में ही कार्यरत लेखपाल संतोष कुमार जो 69 हजार शिक्षक मामले में आरोपी है और जेल से जमानत पर छुटा है। लेखपाल का आरोप है कि स्टेनो ने ही वेतन रुकवाया है एसडीएम को गुमराह कर के। लेखपाल लगातार अपने काम को लेकर प्रतिदिन उनसे संपर्क साधता रहा कि एसडीएम से वार्ता कर वेतन बहाल कराएं।किंतु लिपिक के द्वारा एसडीएम से खुद मिल कर बात करने की सलाह दी। शनिवार को भी लेखपाल संतोष कुमार लिपिक प्रदीप कुमार सरोज से बात किया तो उन्होंने अपने ऑफिस में बुला लिया जब लेखपाल ऑफिस में पहुंचा तो काम को ही लेकर दोनों में तू-तू मेमो और गाली गलौज शुरू हो गई लेखपाल ने स्टेनो बाबू को भद्दी गाली दे कर जान से मारने तथा जाति सूचक शब्दों से अपशब्द कहा।लेखपाल व लिपिक में काफी देर तक गहमागहमी व गाली-गलौज होती रही। इस प्रकरण में एसडीएम ने सोमवार को पूछताछ करने की बात कही। और कहा जो भी दोषी रहेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उक्त आरोपी लेखपाल शिक्षक भर्ती मामले का मास्टर माइंड है जो जेल से जमानत पर छुटा है। फिलहाल एसडीएम के स्टेनो ने उक्त घोटाले बाज लेखपाल शिक्षा माफिया के विरुद्ध करवाई कराए जाने की बात कही।

**लिपिक कक्ष में ही लेखपाल व लिपिक का हुआ गाली गलौज**



# मुलायम सिंह यादव पर अपमान जनक टिप्पणी करने वाले देवेन्द्र शुक्ला पर कार्यवाही करने को सपा ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक संरक्षक पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव पर अपमानजनक व अभद्र टिप्पणी करने वाले प्रयागराज के बहरिया के ए आर पी देवेंद्र शुक्लापर अपराधिक मुकदमा कायम कर कायार्वाही सुनिश्चित करने को आज समाजवादी पार्टी महानगर का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी प्रयागराज को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन के नेत्रित्व मे कलेक्ट्रेट पहौंचे सपाईयों ने देवेन्द्र शुक्ला की टिप्पणी को समाजवादी पार्टी के श्रधेय नेता मुलायम सिंह यादव के देहान्त के उपरान्त की गई अभद्र टिप्पणी को आघात वाला बताया।श्री इफ्तेखार हुसैन व पूर्व ब्लाक प्रमुख बहरिया अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष ने देवेन्द्र शुक्ला पर कानूनी शिकन्जा कसने की आलाअधिकारियों से प्रार्थना करते हुए उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी।महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया की गत 10 अगस्त को दिवंगत मुलायम सिंह यादव की खबर जब न्यूज चैनल पर प्रसारित हुई और सपाईयों मे शोक की लहर दौड़ गई तो बहरिया के ए आर पी देवेन्द्र शुक्ला द्वारा मुलायम सिंह यादव पर सोशल मीडिया पर अपमान जनक व अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई जिसका संज्ञान लेते हुए बहरिया के पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल यादव ने आपत्ती जताई तो काफी बहस हो गई।इसी को लेकर सपाईयों ने आज ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की।निर्वतमान नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि एडवोकेट ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की अगर बहरिया के एआरपी देवेन्द्र शुक्ला पर कानूनी शिकन्जा न कसा गया तो सपाई उग्र आन्दोलन को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वाले सपा के प्रतिनिधिमण्डल में सैय्यद इफतेखार हुसैन एडवोकेट ,रवीन्द्र यादव ऐडवोकेट ,अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष सपा ,जयभारत यादव एडवोकेट ,धीरेन्द्र यादव एडवोकेट ,योगेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट ,आर के सरोज अम्बेडकर वाहिनी ,लछमीकान्त मिश्रा एडवोकेट ,राम कुमार ,सी के यादव आदि शामिल रहे।

## डिजिटल युग में आधुनिक उपकरण ज्ञान का खजाना : विपेन्द्र पटेल



**सहसों।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम के तहत डिजिटल इंडिया द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आर डी सिंह एजुकेशनल कॉलेज बसमहुआ सहसों में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षु महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज डिजिटल इंडिया का युग है जिसमें आधुनिक उपकरण एवं स्मार्टफोन मोबाइल ज्ञान का खजाना है, जिससे अपने बच्चों के साथ आप भी बहुत कुछ सीख सकते हैं। धन का भुगतान से लेकर बच्चों की अच्छी शिक्षा तक आप मोबाइल फोन से कर सकते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को गैस सिलेंडर देकर उनका जीवन सुखमय एवं रसोई में सुधार आ गया। उन्होंने कहा कि कैरियर से लेकर बच्चे की पढ़ाई तक आप मोबाइल में अच्छी चीजें ज्ञान की बातें ढूंढ कर आप लोग भी कुछ नया सीख सकते हैं और अपने बच्चों को एक नई राह दिखा सकते हैं। इस मौके पर शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने कहा श्रमिकों के कौशल की पहचान के लिए आगे आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा जिसमें एनएसडीसी द्वारा कौशल की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय निदेशक उत्तम सिंह ने बैंक के नाम से होने वाले फ्राड की जानकारी दिए एवं उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति के वाई सी जैसे आदि के बारे में पूछे तो ओटीपी या कोई मैसेज कतई साझा न करें। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षित महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र मणि मिश्र ने किया तथा मुख्य रूप से चन्द्र केश, मधु त्रिपाठी, महेन्द्र कुमार, मनीषा, दीपक द्विवेदी सहित आदि उपस्थित रहे।

# इफको कोरडेट ने किसानों को सिखाया आधुनिक तकनीक का गुन

### एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर में किसानो ने जाना नैनो की तरल यूरिया का महत्व

अखंड भारत संदेश




आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित किसान

**फूलपुर।** भविष्य में उन्नत खेती के लिए इफको नैनो यूरिया तरल का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। भारतीय किसान नई तकनीक से खेती कर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उक्त बातें शनिवार को इफको कोरडेट के प्रधानाचार्य राजेंद्र यादव ने एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर किसानो को सम्बोधित करते हुए कहीं। किसानों की मेहनत को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि आज जब विश्व खाद्यान्न संकट से जूझ रहा है ऐसे समय में देश के अन्नदाता अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कारडेट मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी डॉ हरीश चंद ने खरीफ की फसलों में कटाई मड़ाई तथा रबी फसलों की तैयारी के विषय में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कारडेट के मुकेश तिवारी ने समस्त प्रतिभागी कृषकों को कारडेट प्रक्षेत्र पर धान की फसलों पर लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनों को दिखाया। कार्यक्रम का संचालन कारडेट के नंद जी जयसवाल ने किया ।कार्यक्रम के अंत में कृषकों को सरसों का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में कारडेट अंगीकृत ग्राम रुदापुर, देवनहरी, परासिनपुर, भुलई का पुरा, हरभानपुर व मिजार्पुर के कृषकों ने प्रतिभाग किया।

# जिले के दस परीक्षा केन्द्रों में 1925 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## परीक्षा केन्द्रों का अधिकारी करते रहे निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के दस परीक्षा केन्द्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शनिवार को भारी पुलिस व्यवस्था के बीच में शुरू हुई जिसमें कुल 13438 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें पहली पाली में 6720 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 1925 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। केवल 4795 परीक्षार्थियों ने पहली पाली पूर्वान्ह दस बजे से बाहर बजे तक दस परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होकर दी। परीक्षा केन्द्रों पर भारी पुलिस बल तैनात थी। शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग व जिला प्रषासन के अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण का निरीक्षण कर रहे थे।

बताया जाता है कि इस परीक्षा में माइनस मार्किंग को लेकर परीक्षार्थी पसोपेष में रहे और कुछ तो परीक्षा देने ही नहीं आए जिससे अनुपस्थित की संख्या बढ़ी है। आज शनिवार को सुबह से ही शहर में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई।



परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते अधिकारी।

प्रथम पाली की परीक्षा दस से बारह बजे तक थी। प्रातः आठ बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने लगे थे। परीक्षा केन्द्रों में राजकीय बालिका इंटर कालेज में 384, राजकीय इंटर कालेज में 695, केपी हिन्दू इंटर कालेज में 528, मथुरा प्रसाद इंटर कालेज चिलबिला में 288, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में 384, एमडीपीजी कालेज में 696, पीबी इंटर कालेज में 984, पीबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 984, रामराज इंटर कालेज पट्टी में 792 तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 984 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। शहर के राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य गरिमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम पाली में 384 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे जिसमें से 115 अनुपस्थित हुए। प्रथम पाली की परीक्षा में एडीएम त्रिभुवन मौर्य, अडिशनल एसपी पूर्वी विद्या सागर मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, सीओ सिटी सुबोध गौतम ने निरीक्षण किया। इस परीक्षा केन्द्र पर खण्ड षिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव व सदर के तहसीलदार अरविन्द कुमार स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात रहे। इन अधिकारियों का सहयोग परीक्षा सहयोगी मो0 अनीस कर रहे थे। दिल्ली की इन्नोवेटिव्यू के लोगों द्वारा महिलाओं तथा पुरुषों की अलग-अलग जांच की गई जिससे कोई परीक्षार्थी कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस न ले जा पाए।

# ट्रेनों में भारी भीड़, एसी कोच में घुसे पेट के छात्र, किया हंगामा

## पैक नजर आई काशी विश्वनाथ, पदमावत और अर्चना एक्सप्रेस में नहीं थी जगह



रेलवे स्टेशन पर निगरानी करते पुलिस के जवान।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो दिनों तक चलने वाले पेट (प्राइमरी एलीजीबिल्टी टेस्ट) की परीक्षा में भाग लेने जा रहे छात्रों से ट्रेनें फुल हो जा रही है। जगह न मिलने पर छात्रों की भीड़ एसी कोच में घुस कर बैठ जा रही है। जिसका यात्रियों द्वारा विरोध करने और छात्र हंगामा करते रहे। यह नजारा शनिवार को अर्चना एक्सप्रेस, काशी और पदमावत एक्सप्रेस ट्रेन में दिखाई दिया। भीड़ को लेकर आरपीएफ और जीआरपी सतर्क नजर आई। जगह जगह सिपाही तैनात थे।

दरअसल, दो दिन शनिवार और रविवार को कई जिलों में पेट परीक्षा आयोजित की गई है, जिसमें भाग लेने के हजारों छात्रों का झुंड ट्रेनों से निकल पड़ा है। जिले से भी सैकड़ों की संख्या छात्र परीक्षा केन्द्रों पर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन पर डटे हैं, जिसमें लखनऊ जाने वाली ट्रेनों काशी विश्वनाथ, पदमावत और अर्चना एक्सप्रेस में काफी भीड़ देखी गई। सारे कोच फुल थे। मजबूरन में लोगों को एसी कोच में घुसना पड़ा, जिसको लेकर यात्रियों से उनकी कहासुनी हुई। सूचना मिलने पर जीआरपी और आरपीएफ टीम ने छात्रों को दूसरे कोच में बैठने की व्यवस्था कराई। कहीं कोई अप्रिय वारदात न होने पाएं इसके लिए सिपाही तैनात थे। उपनिरीक्षक विवेकानंद सिंह ने बताया कि टेट परीक्षा के मद्देनजर छात्रों की भीड़ है। सुरक्षा के इंतजाम हैं।

### प्लेटफार्म चार और पांच का संचालन शुरू

**प्रतापगढ़।** नए प्लेटफार्म चार और पांच से भी ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है, जिससे ट्रेनों का संचालन पहले से काफी बेहतर स्थिति में पहुंच गया। यात्रियों को भी सुविधा होगी। यार्ड रिमाइडलिंग में बने दो नए प्लेटफार्म चार और पांच से भी अब ट्रेनों का आगमन और प्रस्थान शुरू हो गया है।

### याद किये गये हिन्दी साहित्य के पुरोधा निराला

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जाने माने उपन्यासकार एवं हिन्दी साहित्य के सुविख्यात कवि व लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की पुण्यतिथि पर शनिवार को यहां साहित्य प्रेमियों ने उनकी स्मृति को नमन किया। हिन्दी मित्र संघ के तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम में सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के छायावाद पर अमर कृतियों को हिन्दी साहित्य की अमूल्य धरोहर कहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र व संचालन हिन्दी मित्र संघ के जिला संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। साहित्यिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय व आचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय ने निराला जी को हिन्दी साहित्य का पुरोधा बताया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कवि डा. अनुज नागेन्द्र ने किया। संगोष्ठी में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, आचार्य राजेश मिश्र, प्रभात ओझा, पप्पू तिवारी, दयाराम वर्मा, राकेश तिवारी गुडडू, विपिन शुक्ल, संजय सिंह आदि रहे।

# राम नाम के उच्चारण से भवसागर को पार कर लेता है मनुष्यः महंत

## मनोरथपुर गांव में चल रही रामकथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राम नाम कल्याणकारी है इसके बार-बार उच्चारण मात्र से ही मनुष्य भवसागर को पार कर लेता है। राम नाम वह सर्जिकल यंत्र एवं तंत्र है जिससे शरीर में व्याप्त दैहिक, दैविक एवं भौतिक तीनों प्रकार के विकारों का विलोपन हो जाता है। यह बातें अयोध्या के वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत महाराज पंडित गिरीश पति त्रिपाठी ने संडवा चंद्रिका विकासखंड के मनोरथपुर गांव में आयोजित रामकथा में कहीं।

क्षेत्रीय लोगों के कुल पुरोहित महाराज पंडित गिरीश पति त्रिपाठी के मनोरथपुर गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके पांव पखारे गए, आरती उतारी गई और मंचासीन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। अपने अनुयायियों एवं श्रोताओं को संबोधित करते हुए आचार्य ने कहा कि सभी को प्रातः काल नित्य हनुमान चालीसा का पाठ एवं राम नाम का जाप अवश्य करना चाहिए।



रामकथा में बोलते महंत महराज पंडित गिरीश पति त्रिपाठी।

उन्होंने कहा कि सभी लोग जो यहां उपस्थित हैं हमें कुछ द्रव्य दान करना चाहते हैं लेकिन मुझे गुरु दक्षिणा के रूप में द्रव्य नहीं चाहिए।

आप सभी केवल यह सुनिश्चित करें की नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ एवं राम नाम का जाप आप अवश्य करेंगे। यही मेरी गुरु दक्षिणा होगी, क्योंकि राम नाम वह शक्ति है जिससे हम सभी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक युवा चेतना मंच के अध्यक्ष ललित पांडे ने आदरणीय गुरु जी का एवं उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सावित्री पांडे, प्राची पांडे, डॉक्टर रिचा, सीता पांडे,सुशील पाण्डेय, डॉ प्रशांत, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ देवमणि तिवारी, प्रधानाचार्य अखिलेश चंद्र पांडे,डॉ ज्ञानेंद्र नाथ त्रिपाठी, राज किशोर शुक्ल, भानु प्रताप पांडे, डॉ बलराज मिश्र, सुरेंद्र प्रसाद पांडे, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, सत्य प्रकाश तिवारी, संतोष तिवारी, राजकुमार मिश्र, कपिल पांडे आदि उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समूहों ने मनाया वार्षिक उत्सव

## महिलाओं को दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत ग्राम पंचायत छाछामऊ में आजीविका मिशन के तहत चल रहे 10 स्वयं सहायता समूहों का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वयं सहायता समूहों के संरक्षक राघवेन्द्र कुमार शुक्ला व सुरेंद्र कुमार शुक्ला के तत्वाधान में आयोजिय किया गया जिसकी अध्यक्षता हरिशंकर पांडेय ने किया तथा संचालन रोशन लाल मौर्य ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ नवीन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ स्वाती दीपक दुबे कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर रही। मुख्य अतिथि डॉ सिंह ने बताया कि इन समूह के द्वारा छोटी-छोटी बचत कर बड़ा सा बड़ा कार्य किया जा सकता है जिसके लिए हमें किसी साहूकार से कर्ज लेने की नौबत नहीं होती वार्षिकोत्सव में कई सांस्कृतिक प्रोग्राम भी किया गया साथ ही सभी समूह का लेखा-जोखा भी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया वही सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि समूह के माध्यम से कोई भी रोजगार समूह करके लाभ कमा सकते हैं बता दें समूहोंके माध्यम से पशुपालन अगरबत्ती मोमबत्ती बनाना सिलाई कढ़ाई सहित अनेकों स्वरोजगार अपनाकर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर हो कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपनी जरूरत पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर हरिश्चन्द्र सरोज, शिव प्रकाश मौर्य, राज पति, प्रदीप कुमार मौर्य, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार यादव, छोटे लाल, राधे श्याम मौर्य, सोनू सोनकर, राम पाल सरोज आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धरना कल

**प्रतापगढ़।** अपनी मूलभूत माँगों को लेकर सेवा निवृत कर्मचारी शिक्षक एव 17 अक्टूबर दिन सोमवार को कोषागार कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएषन के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद साढे. तीन बजे जिलाधिकारी को 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने पेंषनरों से आहवान किया है कि धरना प्रदशन में शामिल हों।

# प्रशिक्षण से बच्चों में होता है शारीरिक व मानसिक विकासः जंगीलाल

## कब-बुलबुल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कब-बुलबुल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मॉडल प्राथमिक विद्यालय अठेहा विकास खंड सांगीपुर में आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के 191 कब और 153 बुलबुल ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कब मास्टर सिद्धनाथ ने आयोजन किया।

प्रशिक्षण के दौरान ही विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल ने कब और बुलबुल को वर्दी का वितरण किया और उन्होंने अपने आशीर्वचन में यह भी कहा कि ऐसा आयोजन ब्लॉक के सभी विद्यालयों में होना चाहिए। इससे बच्चों में सहयोग, अनुशासन, कार्य करने की क्षमता और शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। जनपद से आए हुए जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह ने कब और



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद बच्चे व अतिथिगण।

बुलबुल को प्रतिज्ञा नियम तथा कब बुलबुल प्रार्थना का अभ्यास कराया तथा बच्चों का मनोरंजन खेल के माध्यम से खेल खिलाया। प्रशिक्षक संजीव शर्मा सबा बानो ने छात्रों को ताली मार्च पास्ट मुखोटे में गीत का अभ्यास करवाया तथा सैलूट करना आदि के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के सहायक अध्यापक/अध्यापिका नसीम अहमद, राजेंद्र प्रसाद पांडे, शकील अहमद, अजीत कुमार सिंह, महेंद्र यादव, चंद्रभान यादव, अमरजीत, कामिनी सिंह, आकांक्षा मिश्रा, रेनू मौर्य, मंजू मिश्रा, शिक्षामित्र ने प्रशिक्षण के दौरान अपना पूर्ण योग दान दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ तीस में सात का हुआ निस्तारण

## सीआरओ व एएसपी ने सुनीं शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल एक सौ तीस शिकायतो मे अफसरों ने सात शिकायतो का निस्तारण किया। समाधान दिवस मे जिले के सीआरओ राकेश कुमार पटेल तथा एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई की।

समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायत राजस्व की साठ, पुलिस तीस, विकास पन्द्रह, समाज कल्याण पांच व अन्य विभागों की बीस रही। इनमे राजस्व से जुडी पांच तथा पुलिस से जुडी दो शिकायतो का अफसरो ने निस्तारण कराया। समाधान दिवस में मत्तूपुर बोझी के ग्रामीणों ने राजेश यादव की अगुवाई मे गांव मे विद्युत सप्लाई बाधित होने का शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों के मुताबिक हंडौर फीडर से गांव में हो रही विद्युत आपूर्ति विभागीय लापरवाही के कारण बाधित हुआ करती है। लटके तारो से ग्रामीणों ने दुर्घटना घटित होने की भी आशंका जतायी। इस पर सीआरओ ने अधिशाषी अभियंता विद्युत लालगंज को समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। हुलासगढ़ निवासी अमर सिंह ने शिकायती पत्र देकर पटटे की आवंटित जमीन पर विपक्षियो द्वारा निर्माण कराए जाने मे बाधा पहुंचाने की शिकायत दर्ज करायी। इस पर सीआरओ ने क्षेत्रीय लेखपाल को तलब कर फटकार लगाते हुए समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। सांगीपुर तथा लालगंज थानो मे कुछ फरियादियों ने एएसपी रोहित मिश्र से शिकायत की कि मारपीट की घटनाओं मे पुलिस द्वारा मेडिकल कराए जाने के बावजूद एफआईआर नही लिखी जा रही है।

# एसपी ने लीलापुर थाने का किया औचक निरीक्षण, मातहतों की कसी लगाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के एसपी के शुक्रवार की रात अचानक लीलापुर थाने के औचक निरीक्षण से हडकंप मच गया। एसपी सतपाल अंतिल देर रात अचानक लीलापुर थाने आ धमके। एसपी ने थाने के अपराध रजिस्टर समेत मालखाने आदि का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने थानाध्यक्ष से मुकदमों की विवेचनाओं के निस्तारण मे धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी भी जतायी। वहीं थाने के अस्थायी भवन को साफ सुथरा रखने के भी कडे निर्देश दिये। एसपी ने थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतो को शिकायत रजिस्टर मे दर्ज कराकर स्पष्ट रूप से निस्तारण आख्या भी अंकित कराए जाने को कहा। थाना क्षेत्र मे चिन्हित अपराधियो पर पुलिस से पैनी नजर रखने व नेशनल हाइवे पर रात्रि गश्त को



लीलापुर थाने में औचक निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

भी प्रभावी बनाए जाने के मातहतो को सख्त निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने पुलिस कप्तान को वांछित जानकारियां प्रदान की। एसपी के देर रात हुए औचक निरीक्षण से पुलिसकर्मियों मे हडकंप का माहौल दिखा।

### धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र न मिलने पर बिफरे वकील

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओ ने धनगर समाज को तहसील से जाति प्रमाण पत्र न निर्गत करने को लेकर आक्रोश जताया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे सौंपे गये ज्ञापन मे कहा गया है कि शासनादेश के बावजूद तहसील मे धनगर समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत नही किया जा रहा है। ज्ञापन मे यह भी हवाला दिया गया कि इसके पूर्व गड़रिया धनगर समाज को तहसील प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र दिया भी जा चुका है। वहीं अधिवक्ताओं ने तहसील मे तैनात नकल बाबू के अन्यत्र स्थानांतरण को लेकर कामकाज भी प्रभावित होने की सीआरओ से बात कही। सीआरओ राकेश पटेल ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जान्हवी प्रसाद सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी, सिंटू मिश्र, विपिन शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, प्रभाकर पाल, राजेश यादव आदि अधिवक्ता रहे।

### अधिशासी अभियंता विद्युत लालगंज को कोर्ट ने किया तलब

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोर्ट ने अधिशासी अभियंता लालगंज को स्पष्टीकरण देने के लिए कोर्ट में तलब किया। पुराने मुकदमे में जारी सम्मन पर कोर्ट को सही जानकारी न देकर गुमराह करने का आरोप है। बता दें कि 2008 में दर्ज सरकार बनाम रामचन्द्र के मुकदमे में कोर्ट ने तत्कालीन जेई हरिश्चंद्र यादव के खिलाफ सम्मान जारी किया था। अधिशासी अभियंता लालगंज कार्यालय से कोर्ट को सही जानकारी नही दी गई। कोर्ट ने 17 अक्टूबर 2022 को अधिशासी अभियंता विद्युत लालगंज को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेष दिया। उपस्थित न होने पर कड़ी विधिक कार्रवाई होगी।

### जांच में पैसा मांगने पर पकड़े गए आरोपियों को भेजा न्यायालय

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ निवासी पूर्व सदस्य जिला पंचायत योगेन्द्र सिंह से जांच के मामले में पैसा मांगने वाले आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय भेजा। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस के पूछने पर अपना नाम लवलेश पाल पुत्र रामदेव पाल गोलहन का पुरवा अस्थान थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ व भीम शंकर पटेल पुत्र जियालाल पटेल ग्राम किठावा थाना सलवन जनपद रायबरेली बताया। पुलिस ने अभियुक्तो के खिलाफ 185/22 धारा 386/420/507 के तहत लिखा पढ़ी करके दोनों अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया।

# मुलायम सिंह यादव को सपाई ने दी श्रद्धांजलि, माल्यार्पण कर किया गया याद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक/संरक्षक, पिछड़ों, दलितों, गरीबों, किसानों के भविष्य को नई दिशा देने वाले पूर्व केंद्रीय रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के निधन के पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

शोकाकुल नेताओं, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने श्रद्धेय नेताजी को याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में निवर्तमान जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, रानीगंज विधायक डा.आरके वर्मा, पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, निवर्तमान जिलामहासचिव अब्दुल कादिर



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

जिलानी, इरशाद सिद्दीकी, आशुतोष पाण्डेय, जगदीश मौर्या, पप्पू यादव, गुलफाम खां, मो.समीम पूर्व प्रमुख, नरेंद्र पाल, गीता यादव, महिमा गुप्ता, गीता मिश्रा, उर्मिला यादव, निसार अहमद, वासिक खान, साबिर अली, डा.रामबहादुर पटेल, डा. शेरबहादुर यादव, रामअवध यादव, सत्यनारायण यादव, रामबचन यादव, रमेश यादव, रामधन यादव, सिवाजीत सिंह, विनय सिंह भोला, विनोद यादव प्रधान, विजय यादव, रमाशंकर यादव, लालबहादुर यादव, प्यारेलाल खैरा, सुरेश यादव, शिवकुमार यादव, कमलेश पटेल, अजय मौर्या, बच्चा यादव प्रधान, समीम खान, अब्दुल हई, अहमद अली, उमेशचंद्र पाल, चन्दन सिंह, फारुक खान, सुनील माली, सद्दाम हुसैन, डा.एजाज अहमद, आजम राय, तकदीरूद्दीन, राजबहादुर यादव, सफात अहमद, सिराजुलहक, तबारक हुसैन, रमेश पाठक, रमेश सरोज, आरके भीम, कमलेश मधुकर, राकेश सरोज, मो.शकील, राहुल सिंह, संजय सिंह, जावेद अहमद, विजय पाल, गुड्डू यादव, उमाशंकर यादव, राव वीरेंद्र सिंह, प्रेम यादव, मो.अनीस, मो.अफसर, वकार अहमद, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त छोट्टन निषाद पुत्र सुरजभान निषाद निवासी घोघपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिवबाबू पुत्र राम कुवारें निवासी सैद अली गधेलापुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शौखीलाल पुत्र स्व0 हीरा लाल पासी उर्फ राजा निवासी बैर आमद करारी थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त इब्ने मोअज्जम पुत्र इब्ने अहमद निवासी कसारी भसारी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# हैवान पिता ने मासूम बेटी को पटक पटक कर उतारा मौत के घाट

## बेटी की हत्या के बाद हत्यारा पिता घटनास्थल से फरार पुलिस कर रही तलाश, हत्यारे पिता के खिलाफ बच्ची की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव में एक पिता हैवान बन गया है अपने 2 साल की मासूम बेटी को पटक पटक कर उसने मौत के घाट उतार दिया बेटी की मौत के बाद घटनास्थल पर बढ़ती भीड़ देखकर हैवान पिता मौके से फरार हो गया है मासूम बेटी की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मासूम बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही पूरा गांव स्तब्ध रह गया परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली तो घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई है और मासूम बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव निवासी इंद्र लाल सरोज पुत्र अमृतलाल सरोज शराब पीने का आदी



मौत के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीणों की भीड़

है घर में उसकी पत्नी ममता देवी और बेटी रविता 6 वर्ष बेटी राधा 4 वर्ष और बेटी सृष्टि 2 वर्ष रहते हैं शनिवार की सुबह किसी बात को लेकर इंद्र लाल सरोज आक्रोशित हो गया और उसने अपनी 2 साल की बेटी सृष्टि को जमीन पर पटक दिया इतने पर भी उसका कलेजा नहीं दहला तो उसने फिर उठाकर मासूम बेटी को पटक-पटक कर जमीन में मौत के घाट उतार दिया मासूम बेटी सृष्टि की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया बच्ची की मौत के बाद दोनों बेटियां और मां रोने बिलखने लगी चीख पुकार हो हल्ला सुनकर आसपास के लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लगने लगा भीड़ बढ़ती देख कर इंद्र लाल सरोज घटनास्थल से फरार हो गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पहुंची पुलिस ने मासूम बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक बच्ची की माता ममता देवी ने बताया कि मेरा पति शराब पीकर प्रतिदिन घर में मुझे और मेरी बेटियों को मारता पीटता है सृष्टि की माता ममता देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बेटी के हत्यारे पिता पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है बेटी की हत्या के बाद पूरे परिवार में भय और दहशत व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### पीईटी परीक्षा-2022 के परीक्षा केन्द्रों का डीएम एसपी ने निरीक्षण कर लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने शानिवार को पी0ई0टी0 परीक्षा-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए परीक्षा केन्द्र भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी, कस्तूरबा गॉधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी एवं नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कन्ट्रोल रूम एवं परीक्षा कक्ष के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

### सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गयी जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए तद्उपरान्त आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारण्ट व अन्य प्रपत्रों को समयबद्ध तामिला व जनशिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जेल अधीक्षक व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारी व जनपद के गोष्ठी से सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण अभियान के कैम्पों का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण अभियान के तहत ग्राम पंचायत-खोजवापुर, अम्बावॉ पूरब एवं अम्बावॉ पश्चिम में लगाये गये कैम्प का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### बीज कंपनी ने किसान को किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम सभा में खेती के बारे में कावेरी बीज कंपनी द्वारा किसानों को जानकारी दी गयी है और पूरे क्षेत्र में सबसे अच्छी धान की फसल पैदावार करने पर अमित कुमार किसान को कावेरी बीज कंपनी के कर्मचारियों ने शॉल देकर सम्मानित किया और आने वाले तमाम फसलों की बुवाई के लिए उन्हें मुफ्त बीज देने की घोषणा की इस मौके पर विष्णु सोनी अजीत कुमार रवि मौर्य अनिल कुमार सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

### सोशल ऑडिट ग्रामसभा की बैठक के लिए कैलेण्डर जारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सोशल ऑडिट निदेशालय द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार वित्तीय वर्ष-2022-23 में मनरेगा के अन्तर्गत कराये गये कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सोशल ऑडिट ग्रामसभा की बैठक को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए बीएसएसी/बीआरपी एवं जिलास्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में नामित करते हुए निर्देशित किया है कि कैलेण्डर के अनुसार सोशल ऑडिट ग्रामसभा की बैठक में उपस्थित होकर बैठक कराना सुनिश्चित करें जनपद के विकास खण्ड-नेवादा के ग्राम पंचायतों में 12.10.2022 से 07.12.2022 तक सोशल ऑडिट किया जायेगा। सोशल ऑडिट की बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कार्यदायी संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारीगण एवं पर्यवेक्षकीय अधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना महेवाघाट से तीन थाना पिपरी से दो कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट भादवि से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त लल्लू पुत्र स्व0 जगत पाल निवासी गोपालपुर मजरा टेनशाह अलमाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# तहसील मंझनपुर में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें

## डीएम एसपी ने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील मंझनपुर में आमजन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपजिलाधिकारी मंझनपुर को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को आज ही पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही



कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता लल्लू, निवासी पूरब शरीरा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता पुरूषोत्तम नारायण मिश्र ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पड़ोसी द्वारा जबरन उनके खेत एवं आम रास्ते पर गन्दा पानी बहाया जा रहा है, जिससे उनकी फसल नष्ट हो जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें हैं इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज तहसील मंझनपुर के साथ ही तहसील-सिराथू एवं चायल में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## भाई को पेड़ से बांधकर दलित बालिका के साथ दरिंदगी

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बढनावा गांव की एक बालिका 14 अक्टूबर की शाम विवाद के एक मामले में कड़ा धाम कोतवाली गई थी जहां से वह अपने भाई के साथ वापस लौट रही थी रात 8:00 बजे के आसपास गांव से पहले सुनसान स्थान में बालिका और उसके भाई लोगों को रोक लिया गया भाई को पेड़ से बांधकर उसके सामने दलित बालिका के साथ दो लोगों ने दुराचार किया है बदहवास हालत में बालिका घर पहुंची है सुबह मामले की सूचना कड़ा धाम कोतवाली पुलिस को दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया जिस पर बालिका पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# मेला से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## सैनी कोतवाली के लोहदा के पास हुआ दर्दनाक हादसा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहदा मोड़ पर एक युवक को अज्ञात वाहन ने देर रात कुचल दिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गयी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक पिंजरी गांव निवासी दीपक उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र हरिमोहन नगर पंचायत अझुवा मेला देखने आया था मेला देख कर दीपक वापस घर जा रहा था जैसे ही वह लोहदा मोड़ के पास पहुँचा अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया है जिससे उसकी मौत हो गई है सूचना पर चौकी इंचार्ज पथरावा कामतानाथ घटना स्थल पर पहुंचे हैं और उन्होंने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी है मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 01 किलो गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सूरज कश्यप पुत्र उमेश कश्यप निवासी वार्ड न0 02 अझुवा थाना सैनी को 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात चालान न्यायालय भेज दिया है।



रामलीला का मंचन करते कलाकार

## सीता खोज का भावपूर्ण मंचन देख दर्शकों की आंखें हुई नम

### लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियों का किया प्रदर्शन

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा गांधी चबूतरे मैदान में रामलीला कमेटी के 10 दिवसीय रामलीला के 9 वें दिन शुक्रवार को श्रीराम की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन फतेहपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया श्री रामलीला के मंचन को देखने के लिए रामलीला पांडाल में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भव्य मंच पर माता सीता की खोज सहित प्रभु श्रीराम-हनुमान मिलन और प्रभु श्रीराम द्वारा जटायु के संस्कार सीता खोज,लंका दहन अंगद रावण संवाद का रामलीला कलाकारों ने सजीव मंचन किया है। वहीं बीती देर रात मेले के प्रथम दिन वार्ड नं 9 नेहरू नगर में राधे राधे भक्त नवयुवक कमेटी के उत्साही युवकों ने लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया इस दैरान कलाकारों ने गुब्बारे में प्रवेश कर नृत्य कर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसे देखने के लिए भीड़ का जबरदस्त आलम रहा इस दौरान कमेटी के प्रमुख डॉ राकेस केसरवानी (कल्लू)आकाश केसरवानी गिरिराज बाबू कुशवाहा सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# बूथ कार्यकर्ता की मेहनत के भरोसे भाजपा की होगी परिषद् चुनावों में जीत : निर्मला पासवान

## मंझनपुर स्थित कार्यलय में आयोजित की गई चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक मंझनपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पालिका परिषद चुनाव प्रभारी एमएलसी निर्मला पासवान मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि परिषद के प्रभारी अनिल सिंह रहे। कार्यक्रम में बनाएं गए वार्ड संयोजक एवं बूथ प्रमुखों से वार्ता कर चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर बतौर मंझनपुर नगर पालिका परिषद चुनाव प्रभारी एमएलसी निर्मला पासवान ने कहा कि पार्टी अपने जमीन के कार्यकताओं के भरोसे ही मोदी जी के इरादों और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों वाली सरकार चला रही है। आज जो भी जीत मिली है वह हमें पार्टी के




बैठक में उपस्थित भाजपा नेता

कार्यकर्ता जो बूथ स्तर पर हमारे लिए लड़ रहे हैं उनके बदौलत मिली है। नगर पालिका परिषद का यह चुनाव भी बूथ का कार्यकर्ता हमें जीत दिलाएगा। इस मौके पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पार्टी प्रत्याशी के तौर पर उन्हें मैदान पर लाएगी जो जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हो। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने पूरे जोश के साथ पार्टी के कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह पूरे मनोयोग से अपने काम में जुट जाएं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपने कार्यकताओं पर पूरा भरोसा है। पार्टी अपनी राष्ट्र वादी नीतियों के जरिए कार्यकताओं और देश के हर नागरिक की सेवा में लगी हुई हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सभी पार्टी हित में आगामी नगर पालिका परिषद चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाई जिससे आखिरी व्यक्ति तक पार्टी की योजनाएं भ्रष्टाचार रहित तरीके से पहुंच सकें। उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि नगर पालिका के अध्यक्ष के साथ सभी वार्डों के सदस्य भी भारतीय जनता पार्टी का ही जीतना और हमारा यही लक्ष्य है। इस मौके पर प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व विधायक लाल बहादुर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र चौधरी धर्मराज मौर्या, संजय जयसवाल, वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, लवकुश मौर्य, रिंकू मौर्य, ज्ञानचंद गुप्त, सोनिया राजपूत, महेश लोधी, सत्यम केशवानी, हरेन्द्र प्रजापति, दिलीप अग्रहरी, अशीष कुमार केशरवानी बच्चा सहित नगर पालिका परिषद के वार्ड संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## पशुओं को गौशाला भेजने का मामला...

# बीडीओ व राजस्व ने डीएम को दी झूठी रिपोर्ट

### तहसील दिवस मंझनपुर में ग्रामीणों ने शिकायत कर झूठी रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था केवल कागज में चल रही है मीटिंग और अभिलेखों के सहारे कानून व्यवस्था चलाए जाने से आम जनता चारों और परेशान हैं जमीनी हकीकत में अधिकारी कर्मचारी काम नहीं करना चाहते हैं यहां तक की जांच और कार्यवाही के नाम पर केवल कागज में रिपोर्ट देकर शासन से लेकर डीएम तक को तहसील और विकासखंड के अधिकारी गुमराह कर वाहवाही लूट रहे हैं जिससे आम जनमानस की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है इसी तरह के एक मामले की शनिवार को शिकायत मंझनपुर तहसील समाधान दिवस में डीएम के सामने ग्रामीणों ने कर समस्या के समाधान करने की मांग कर झूठी रिपोर्ट देने वाले खंड विकास अधिकारी और मंझनपुर तहसील के राजस्व अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ढेराहा टिकरा गांव में आवारा पशुओं के आतंक से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं जिस पर किसानों ने गौआश्रय स्थल निर्माण की मांग उठाई थी इस मामले की शिकायत अधिवक्ता विमल मिश्रा ने जिला अधिकारी से 27 जुलाई को किया था जिस पर डीएम ने एसडीएम और खंड विकास अधिकारी को पशुओं को गौआश्रय स्थल भेजने का निर्देश दिया था लेकिन आवारा पशु गौआश्रय स्थल नहीं पहुंच सके खुलेआम आवारा पशु घूम रहे हैं और किसानों के खेतों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं लेकिन खंड विकास अधिकारी ने डीएम को आख्या भेजते हुए लिखा है कि शाहपुर और अढौली के गौशाला में पशुओं को भिजवा दिया गया है जबकि खंड विकास अधिकारी की रिपोर्ट पूरी तरह से निराधार है इसी तरह 12 सितंबर को जिलाधिकारी ने एसडीएम मंझनपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि आवारा पशुओं को गौ आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए लेकिन उसके बाद भी राजस्व लेखपाल और कानूनगो ने झूठी रिपोर्ट देते हुए कहा कि जमुनापुर गौशाला में आवारा पशुओं को भिजवा दिया गया है और लेखपाल कानूनगो की रिपोर्ट पर विश्वास कर एसडीएम ने जिलाधिकारी को 15 सितंबर को रिपोर्ट भेजकर अवगत करा दिया कि आवारा पशु गौआश्रय स्थल पहुंच चुके हैं लेकिन हकीकत में आवारा पशु इलाके में भ्रमण कर रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं तहसील और ब्लाक के अधिकारियों की झूठी रिपोर्ट पर शिकायती पत्रों का झूठा निस्तारण होने से ग्रामीणों का आक्रोश पनप गया और तहसील समाधान दिवस मंझनपुर पहुंचकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से झूठे अधिकारियों के कारनामों को उजागर करते हुए अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग के साथ-साथ आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## बंजर भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा बिसारा की आराजी संख्या 552 बंजर सरकारी भूमि पर बालक मऊ गांव के फूल चंद्र चंद्र आदि ने कब्जा कर लिया है बताया जाता है कि आराजी संख्या 552 बिसारा और बालक मऊ की सरहद पर स्थित है फूलचंद बालक मऊ के निवासी हैं उनका खेत बिसारा बालक मऊ की सरहद पर है बिसारा ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि को उन्होंने कब्जा कर अपने खेत में मिला लिया है मामले की सूचना ग्रामीणों ने राजस्व लेखपाल को दी है लेकिन उसके बाद भी सरकारी बंजर भूमि पर कब्जा करने वाले फूलचंद्र पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बंजर भूमि पर कब्जा करने वाले फूलचंद पर कार्यवाही करते हुए बंजर भूमि खाली कराए जाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल की लापरवाही से बंजर भूमि पर कब्जा हुआ है इसलिए लेखपाल के कारनामों की जांच कराते हुए लेखपाल को दंडित किया जाए।

# कलयुग के समस्त दोष पाप का नाश करती है श्रीमद् भागवत कथा : आचार्य धनंजयदास

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के मड़ूकी टेनशाह आलमाबाद गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन समापन दिवस पर कथा वाचक द्वारा बताया गया कि कलयुग के समस्त दोष तापो और पापों को नाश करने का एक ही उपाय है। श्री कृष्ण जी का वांग्मय स्वरूप श्रीमद् भागवत कथा रूपी सत्कर्म को आत्मसात करना और हरी नाम का संकीर्तन करना। भगवान श्री कृष्ण ने स्वधाम गमन करते हुए उद्धव जी को बताया कि मैंने इस सृष्टि में एक पांव से लेकर अनेक पांव वाले जीवों की रचना किया है, किंतु मुझे सबसे प्रिय मनुष्य योनि है। जो अपने जीवन में सत्संग और हरि नाम संकीर्तन करते है। भगवान का नाम ही सर्वोपरि है। मड़ूकी गांव के दिनेश चन्द्र शुक्ल के



भागवत कथा में उमड़ी भीड़

यहां आयोजित भागवत कथा के सातवें दिन की कथा में श्रीमद् भागवत कथा वाचक धनंजय दास महाराज ने प्रदुम्न जन्म, स्यमंतक मणि की कथा श्री कृष्ण कि गृहस्थ चर्या, सुदामा चरित्र और द्वादश स्कंध में भागवत धर्म का उपदेश बताते हुए कहा कि भगवान दीना नाम परिपालक है, उन्होंने अपने बाल्यकाल के प्रिय सखा सुदामा जी महाराज पर कृपा करते हुए ऐश्वर्यवान बना दिया था। सुदामा जी ने तो दुवार्सा ऋषि के द्वारा श्रापित चने को स्वयं खाकर द्वारिकाधीश श्री कृष्ण को श्राप से बचाया था। यह एक ब्राह्मण की त्याग और बलिदान ही तो है जो भगवान को भी दरिद्र होने से बचा सकते है। इसीलिए तो भगवान स्वयं कहते हैं कि प्रमण मेरे हृदय में निवास करते हैं। भगवान को दरिद्रता से बचाते हुए सुदामा स्वयं दीनहीन बन गए। सातवें दिन की कथा को श्रवण करते हुए सभी श्रोताओं ने चावल का तंडुंल भगवान को भेंट किया। और फूलों की होली खेलते हुए सभी ने नृत्य और संकीर्तन का आनंद भी प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत कथा समापन के दिन भागवत कथा का रसपान करने के लिए आस-पास गांवों से सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। भागवत कथा समापन के बाद भक्तों ने जय श्री कृष्ण के जयकारे लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दिनेश चन्द्र शुक्ल, पं० रवीन्द्र नाथ शुक्ल, उपेन्द्रनाथ शुक्ल, गुणाकर, दिवाकर, सुधाकर, शिवम शुक्ल, दीपक, सत्यनारायण आदि भक्त मौजूद रहे।

संपादकीय

# समय के महत्व को समझें

**बीता** समय के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव को प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी। बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

# आओ खाद्य नायक बने-किसी को पीछे ना छोड़े

किशन भावनानी

**सृष्टि** रचनाकर्ता ने 84 करोड़ योनियों की रचना कर पृथ्वी पर विचरण के लिए अवतरित किया है तो उनके जीवन यापन में जरूरी तत्वों जैसे भोजन पानी हवा और खूबसूरत प्राकृतिक संसाधनों का निर्माण भी कर दिया है और अपने अपने स्तरपर ऐसी क्षमताएं भी जीव के शरीर में समाहित कर दी है कि इन तत्वों को ग्रहण कर अपने जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाएं। सभी जीवो से सर्वश्रेष्ठ बौद्धिक क्षमता मानवीय जीवन में दी है ताकि सृष्टि और अन्य जीवों के कल्याण में उच्च क्षमता का उपयोग कर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय श्लोक को चरितार्थ करें। वैसे तो जीवन यापन में इन सभी तत्वों का अपना अपना विशेष अनिवार्य महत्व है परंतु चूंकि,16 अक्टूबर 2022 को विश्व खाद्य दिवस मना रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि सभी के लिए भोजन, आओ खाद्य नायक बने, किसी को पीछे ना छोड़े। साथियों बात अगर हम विश्व खाद्य दिवस मनाने के कारणों और भूख के तथ्यों की करें तो, दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को सुरक्षित और उन्नत करना है,खासकर संकट के दिनों में। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने पहल कर विश्व खाद्य दिवस को संभव बनाने और इसके लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व भूख तथ्य -लगभग 821 मिलियन लोग लंबे समय से कुपोषित हैं, 2015 में 785 मिलियन से अधिक दर्ज किए गए।लगभग 99 फीसदी कुपोषित लोग विकासशील देशों में रहते हैं। दुनिया में भूखे लोगों में लगभग 60 फीसदी महिलाएं हैं। लगभग पांच में से एक जन्म कुशल जन्म परिचारक के बिना होता है। हर साल लगभग 20 मिलियन शिशु जन्म के समय कम वजन के साथ पैदा होते हैं, उनमें से 96.5 फीसदी विकासशील देशों में होते हैं। बच्चों में होने वाली कुल मौतों में से लगभग 50 फीसदी 5 साल से कम उम्र के कुपोषण के कारण होती हैं। दुनिया भर में, 80 फीसदी से अधिक अत्यधिक गरीब ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और कई अपने जीवन यापन के लिए कृषि और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे आमतौर पर प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं और अक्सर अपने लिंग, जातीय मूल या स्थिति के कारण हाशिए पर चले जाते हैं। यह उनके लिए प्रशिक्षण, वित्त, नवाचार और प्रौद्योगिकियों तक पहुंच हासिल करने का संघर्ष है।



अपने स्कूल के रसोइयों से बात करें और उन्हें वीडियो और स्कूल के भोजन के अनुभवों के लिए विश्व खाद्य दिवस कॉल में शामिल होने के लिए कहें! (2) ऐसी दुनिया कैसी दिखती है जहाँ कोई पीछे न छूटे? क्या इसमें सभी के लिए स्वस्थ भोजन है? एक पोस्टर बनाकर और विश्व खाद्य दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर संस्थान में दिखाएं

साथियों बात अगर हम वैश्विक संकटों के बीच भूख से निपटने की करें तो, वैश्विक संकटों के सामने, वैश्विक समाधानों की पहले से कहीं अधिकआवश्यकता है। बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर जीवन के लक्ष्य से, हम कृषि खाद्य प्रणालियों को बदल सकते हैं और टिकाऊ और समग्र समाधानों को लागू करके बेहतर निर्माण कर सकते हैं जो दीर्घकालिक विकास, समावेशी आर्थिक विकास और अधिक लचीलापन पर विचार करते हैं। एक स्थायी दुनिया वह है जहां हर कोई मायने रखता है। सभी लोगों के भोजन, पोषण, शांति और समानता के अधिकार को प्राथमिकता देने के लिएसरकारों , निजी क्षेत्र, शिक्षाविदों और नागरिक समाज और व्यक्तियों को एकजुटता से काम करने की आवश्यकता है। वास्तव में, हम में से प्रत्येक, जिसमें युवा भी शामिल हैं, एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, अपने कार्यों में अधिक सहानुभूति और दया दिखा सकते हैं। हमारी वैश्वीकृत दुनिया वह है जहां हमारी अर्थव्यवस्थाएं, संस्कृतियां और आबादी तेजी से परस्पर जुड़ी हुई हैं। हम में से कुछ लोग इस बात से असुरक्षित हैं कि हम कौन हैं या हम कहाँ रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम सभी नाजुक हैं। कोई पीछे छूट जाता है तो जंजीर टूट जाती है। यह न केवल उस व्यक्ति के जीवन को बल्कि हमारे जीवन को भी प्रभावित करता है।

साथियों बात अगर हम 2022 की थीम किसी को पीछे ना छोड़ें की करें तो अभी वर्तमान में भी चल रही महामारी, संघर्ष, एक ऐसा माहौल देता है जो वार्मिंग, बढ़ती कीमतों और अंतरराष्ट्रीय तनाव को नहीं रोकेगा। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो रही है। हमें एक स्थायी दुनिया बनाने की जरूरत है जहां हर किसी को, हर जगह पर्याप्त पौष्टिक भोजन की नियमित पहुंच हो।किसी को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। हालांकि हमने एक बेहतर दुनिया के निर्माण की दिशा में प्रगति की है, लेकिन बहुत से लोग पीछे छूट गए हैं। जो लोग मानव विकास, नवाचार या आर्थिक विकास से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। वास्तव में, दुनिया भर में लाखों लोग स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते हैं, जिससे उन्हें खाद्य असुरक्षा और कुपोषण के उच्च जोखिम में डाल दिया जाता है। लेकिन भूख को खत्म करना केवल आपूर्ति के बारे में नहीं है। आज ग्रह पर सभी को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन का उत्पादन किया जाता है। हम सभी जुड़े हुए है! हमारे भोजन से लेकर हमारीसंस्कृतियों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्थाओं तक, हम एक वैश्वीकृत दुनिया में रहते हैं। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और असमानता अक्सर लोगों के समूहों को पीछे छोड़ देती है क्योंकि वे कौन हैं या वे कहाँ रहते हैं। सभी के लिए एक बेहतर, अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करने का मतलब है कि कोई भी पीछे नहीं रह सकता है। साथियों बात अगर हम विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रमों की करें तो, (1)यदि हम स्कूल का खाना खाते हैं? इन्हें कौन तैयार करता है और कैसे बनाता है? अपने स्कूल के रसोइयों से बात करें और उन्हें वीडियो और स्कूल के भोजन के अनुभवों के लिए विश्व खाद्य दिवस कॉल में शामिल होने के लिए कहें! (2) ऐसी दुनिया कैसी दिखती है जहाँ कोई पीछे न छूटे? क्या इसमें सभी के लिए स्वस्थ भोजन है? एक पोस्टर बनाकर और विश्व खाद्य दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर संस्थान में दिखाएं। पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर 2022 है।(3) छात्रों ने समावेशिता और समानता के महत्व पर अधिक प्रतिबिंबित किया, सूचित किया जा रहा है, स्वस्थ भोजन विकल्पों के माध्यम से भोजन का सम्मान और भोजन की बबादी को कम करना, हमारे ग्रह की देखभाल, करुणा और बहुत कुछ।

साथियों बात अगर हम भारत में बेहतर तरीके से विश्व खाद्य दिवस मनाने की करें तो, कुछ सुझाव हैं,भारत विविध संस्कृति और परंपरा का एक विशाल देश है। यह परंपरा अलग-अलग राज्य के हिसाब से भिन्न-भिन्न होती है और प्रत्येक राज्य में विभिन्न त्यौहारों को अलग-अलग शैलियों में मनाया जाता है लेकिन हर उत्सव में भोजन आम तत्व होता है। खाद्य पदार्थों की किस्मों को परिवारों और दोस्तों के बीच अनुष्ठानों के रूप में तैयार, खाया और वितरित किया जाता है। विवाह भारतीयों के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है जहाँ विभिन्न खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं और बचा हुआ खाना व्यर्थ हो जाता है।इस तरह के परिवारों को अतिरिक्त भोजन सुरक्षित रखना चाहिए और गरीबों और जरूरतमंद लोगों में इसे वितरित करना चाहिए। यह कदम बहुत अंतर उत्पन्न कर देगा क्योंकि कोई भूखा नहीं सोएगा और भोजन भी व्यर्थ नहीं रहेगा। निजी कंपनियां और सरकारी संगठन एक ऐसी योजना चला सकते हैं जहां उन कर्मचारियों के वेतन से कुछ प्रतिशत वेतन काट लिया जा सकेगा जो स्वैच्छिक रूप से खाद्य बैंक के लिए दान करना चाहते हैं और प्राकृतिक आपदाओं, विपत्तियों आदि के समय में इस इकट्ठा किए गए धन का उपयोग किया जा सकेगा। हर साल विश्व खाद्य दिवस 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करेंतो हम पाएंगेकि विश्वखाद्य दिवस 16अक्टूबर 2022 पर विशेष है। सभी के लिए भोजन। आओ खाद्य नायक बने, किसी को पीछे न छोड़ें।

## पर्यावरण के कितने अनुकूल हैं, बिजली के वाहन?

अमित कोहली

**हम** देख सकते हैं कि बिजली के वाहन भी पर्यावरण के लिए घातक हैं। आने वाले 20-30 वर्षों में हमें इसके नतीजे नजर आने लगेंगे, तब शायद हम फिर नए विकल्पों की तलाश में जुटेंगे। दरअसल, हमें वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत का नहीं, जीवनशैली, नगर-नियोजन और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को खोजना चाहिए। आज लोग शिक्षा पाने और पैसा कमाने के लिए सैकड़ों-हजारों मील दूर जाकर बस जाते हैं। घर से कार्यस्थल दूर हो तो हमें निजी या सार्वजनिक वाहन इस्तेमाल करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन की भयावह स्थिति को टालने के लिए बिजली के वाहनों को यातायात के एक वैकल्पिक साधन के रूप में देखा जा रहा है। 'वर्ल्ड बिजनेस काउन्सिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' के एक अध्ययन के मुताबिक सन् 2050 तक दुनिया में कारों की संख्या 200 करोड़ होने का अनुमान है। दुनिया की कुल ऊर्जा का 10 फीसदी कारें इस्तेमाल करती हैं और 'ग्रीनहाउस गैस' उत्सर्जन में भी उनका हिस्सा 10 फीसदी है। जाहिर है, कारों की तादाद बढ़ने के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल की खपत भी बढ़ेगी और उसी अनुपात में 'ग्रीनहाउस गैसों' के उत्सर्जन, वायु-प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की रफ्तार भी तेज होगी। कारों को बनाने की प्रक्रिया कच्चा माल, जैसे - लोहा, बॉक्साइट आदि के उत्खनन से शुरू होती है। खदानों से अयस्क निकाला जाता हैं, उनका शोधन करके इस्तेमाल लायक लोहा, अल्यूमीनियम आदि बनाया जाता है और कलपुजे बनाने वाले कारखाने तक पहुंचाया जाता है। कारों के कलपुर्जे अलग-अलग स्थानों, कभी तो अलग-अलग देशों में बनते हैं। उसके बाद उन्हें एक जगह लाकर असेम्बल किया जाता है। समूची प्रक्रिया में कच्चे माल, कलपुजों, मशीनों आदि का परिवहन होता है। पेट्रोल-डीजल से चलने वाली कार हो या बिजली से चलने वाली, दोनों की निर्माण प्रक्रिया लगभग एक जैसी होती है। जो फर्क है, वह उनके इस्तेमाल यानी संचालन में हैं। चूंकि बैटरी-चलित वाहन से धुआं नहीं निकलता, इसलिए मान लिया जाता है कि वे पर्यावरण के लिए हितकर हैं, हालांकि बिजली से चलने वाले वाहनों में विविधता है। भारत में चार तरह के वाहन हैं, जो पूर्ण या आंशिक रूप से बिजली से चलते हैं-बैटरी इलेक्ट्रिक व्हिकल(बीइवी) पूरी तरह से बिजली से चलते हैं। इनमें बैटरी लगी होती है, जिसे चार्ज करने के बाद वह वाहन में लगी मोटर को चलाती है। दूसरा प्रकार है-हाइब्रीड इलेक्ट्रिक व्हिकल(एचइवी)। इनमें पेट्रोल (या डीजल) से चलने वाला इंजन और मोटर होती है। पेट्रोल इंजन जब चलता है तो वह वाहन में लगी बैटरी को चार्ज भी करता जाता है।

# आर्थिक असमानता और गरीबी ले रही संघर्ष का भयावह रूप

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज हम आधुनिक तकनीकी युग और विश्व शक्ति की बात करते है, लेकिन आज भी अस्पताल से एम्बुलेंस के लिए पैसे के अभाव में लोग अपने परिजनों के शव कंधे पर ढोकर ला रहे, दुर्गम और पिछड़े इलाकों में आज भी मासूम बच्चे नदी-नाले, जंगल, उबड़-खाबड़ रास्तों को पार करके स्कूल जा रहे, कई ग्रामीण महिलाएं पानी के लिए रोज लंबा सफर तय करती है, आज भी हमारे देश के कई ग्रामीण इलाकों में आधारभूत चिकित्सा सेवाओं के अभाव में आपातकालीन समय में जिंदगियां दांव पर लग जाती है, आज भी कई असहाय लोग सड़क किनारे कचरे के ढेर में से खाना ढूंढते नजर आते है, मासूम बच्चें भूख-भूख करते हुए जान गवाने और गरीबी में कई मां अपनी कोख के मासूम को बेचने को मजबूर होने जैसी कई ऐसी हृदय विदारक घटनाएं खबरों के माध्यम से देखने-सुनने पढ़ने मिलती है। गरीबी में जीवन का संघर्ष मनुष्य को किस रास्ते पर ले जाये, कह नहीं सकते। गरीबी में जिंदगी के लिए मनुष्य को बहुत बार ऐसी मजबूरियों से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए वह कभी सोच नहीं सकता। गरीबी में जन्मे बच्चो का जिंदगी के लिए संघर्ष जन्म से ही शुरू हो जाता है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य मिलना तो दूर, पहले दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष होता है, शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधा के लिए संघर्ष होता है, शिक्षा के बाद रोजगार के लिए संघर्ष होता है, जीवनयापन के लिए आवश्यक सुविधाओं के लिए संघर्ष होता है, शुद्ध हवा पानी आवास के लिए तो जिंदगीभर संघर्ष चलता है। अगर भेदभाव, भ्रष्टाचार, ऊँच-नीच जैसी विचारधारा मध्य आ जाये तो ये गरीबी जीवन का संघर्ष और भी भयावह होता है। हर साल 17 अक्टूबर को गरीबी कम करके जीवनमान उच्च करने के उद्देश्य से दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन अंतराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस साल 2022 के लिए गरीबी उन्मूलन अंतर्राष्ट्रीय दिवस की मुख्य थीम व्यवहार में सभी के लिए गरिमा यह है। गरीबी की बढ़ती दर देश की आर्थिक प्रगति को बाधित करती है, जब देश की बड़ी आबादी आधारभूत सेवा-सुविधाओं को खरीदने या उनका लाभ पाने से वंचित रहती है, तो आर्थिक विकास हासिल करना अधिक कठिन होता है। गरीबी जैसी समस्या अन्य अनेक सामाजिक समस्याएं पैदा करती है जो लोगों के जीवनमान को बुरी तरीके से प्रभावित करती है। गरीबी में स्वास्थ्य और शिक्षा के निम्न स्तर, भूख और कुपोषण, अस्वच्छ हवा पानी वातावरण, बेहतर जीवन के बहुत कम अवसर, सामाजिक भेदभाव और बहिष्कार के साथ-साथ निर्णय लेने में भागीदारी की कमी, अपर्याप्त सुरक्षा और क्षमता होती हैं। गरीबी अपराध, गलिच्छ बस्ती, नशाखोरी, बीमारियों को बढ़ाने में सहायक होती है। लिंग या जातीय भेदभाव, खराब शासन, भ्रष्ट प्रशासन वर्ग, संघर्ष, शोषण, अत्याचार और घरेलू हिंसा सहित असमानताएं भी गरीबी का कारण बनती हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी है। अनपढ़ और गरीब लोग जो मिले वह काम, मजदूरी या बोझा ढोने को भी तैयार हो जाते है, लेकिन आज महंगाई की स्थिति सामान्य मध्यमवर्गीय शिक्षित लोगो के जीवन का संघर्ष भी मुश्किल बना रही है, आर्थिक तंगी के कारण सामान्य मध्यमवर्गीय लोगों में आत्महत्या का प्रमाण चिंताजनक रूप से काफी बढ़ गया है। शिक्षा और बेरोजगारी का ये आलम है कि शिक्षा अनुरूप नौकरी नहीं मिलती, इसलिए बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित उमेदवार भी चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु आवेदन कर रहे है।

**बढ़ती आर्थिक असमानता चरम पर :-** विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 कहती है कि भारत देश में दुनिया की सबसे चरम असमानता देखी गई है। देश की शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास राष्ट्रीय आय का 57% है, जिसमें से 22% शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों के पास है जो 1990 में 11 प्रतिशत था। नीचे के 50% आबादी के हिस्से देश की कुल संपत्ति का केवल 13% है, ये लोग सालाना 53160 रुपये और शीर्ष 10% आबादी 1166520 रुपये कमा रहे हैं, जो निम्न से 20 गुना अधिक है। गिनी (आय वितरण में असमानता) गुणांक देश में बढ़ती असमानता की ओर इशारा करती है। 2014 में गुणांक 34.4% से 2018 में गुणांक बढ़कर 47.9% हो गया। रिपोर्ट यह भी बताती है कि पिछले एक दशक में तनाव, उदासी, गुस्सा और चिंता बढ़ रही है, जो अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश में धन के साथ लैंगिक समानता और नस्लीय समानता की भी आवश्यकता नजर आती है।

**भुखमरी और कुपोषण की स्थिति नाजुक :-** यूनाइटेड नेशन अनुसार, हर दिन, 10,000 से अधिक बच्चों सहित 25,000 लोग भूख और संबंधित कारणों से जान गवाते हैं। दुनिया भर में लगभग 854 मिलियन लोगों के कुपोषित होने का अनुमान है, और उच्च खाद्य कीमतें अन्य 100 मिलियन को गरीबी और भूख में धकेल सकती हैं। भारत में अल्पपोषण की व्यापकता 14.8% है, जो वैश्विक और एशियाई दोनों औसत से अधिक है। 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा रिपोर्ट किया गया था कि देश में लगभग 19 करोड़ लोग हर रात खाली पेट सोने के लिए मजबूर थे। इसके अलावा, सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है कि देश में हर दिन लगभग 4500 बच्चे पांच साल से कम उम्र में भूख और कुपोषण के कारण मर जाते हैं। ऑक्सफैम रिपोर्ट अनुसार, हर मिनट कम से कम 11 लोग भूख और कुपोषण से मर रहे हैं। दुनिया में जिन लोगों के पास भोजन तक पहुंच नहीं है, उनकी संख्या 700 मिलियन से बढ़कर 821 मिलियन हो गई, उपायों के बावजूद पिछले पांच वर्षों में खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हुई।

**विश्व स्तर पर भारत देश की स्थिति :-** वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 में भारत देश 109 देशों में 66 वें स्थान पर है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2021 में, भारत 116 देशों में से 101वें स्थान पर है, 27.5 के स्कोर के साथ भारत देश में भूख का स्तर गंभीर है, इस रैंकिंग में पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल ने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2021 अनुसार, भारत देश 195 देशों में से 66 वें स्थान पर है। वैश्विक खाद्य सुरक्षा जीएफएस इंडेक्स 2021 में भारत 113 देशों में साथ 71 वें स्थान पर रहा। वैश्विक युवा विकास सूचकांक 2020 अनुसार, 181 देशों में भारत 122वें स्थान पर है। आर्थिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विश्वव्यापी रैंकिंग मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2021 भारत 119 स्थान पर है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक का 20 वां संस्करण रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा प्रकाशित रैंकिंग अनुसार, 180 देशों में भारत 150 वें स्थान पर है।

# जनसंख्या को लेकर पूर्वाग्रह और गुमराह की नीति

जगदीश रत्तनानी

**'नियंत्रण'** का शब्द प्रयोग सबसे कमजोर को नीचे रखने के लिए काम करता है। यह उन लोगों को राज्य के संसाधनों से वंचित करता है जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह विकास के संदर्भ में तत्काल आवश्यक चीजों से ध्यान हटाकर टॉप-डाउन कमांड-एंड-कंट्रोल दृष्टिकोण की ओर ले जाता है जो लोगों को अधिकार प्राप्त नागरिकों की तरह नहीं बल्कि ऐसे विषयों के रूप में मानता है जिन्हें नियंत्रित और दंडित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर जनसंख्या वृद्धि को भारत के समक्ष उपस्थित एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है। दशहरा रैली में उन्होंने कहा- 'जनसंख्या नियंत्रण और धर्म आधारित जनसंख्या संतुलन एक महत्वपूर्ण विषय है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।' 'जनसंख्या नियंत्रण' एक बार-बार सुना जाने वाला शब्द है, विशेष रूप से धर्म के आधार पर जनसंख्या 'संतुलन' की आवश्यकता इसे एक गहन और अनुमानित राजनीतिक बढ़त देती है। फिर भी, इसकी जड़ में अभी भी 'नियंत्रण' की भावना है जो इसके समर्थन में बढ़ती सोच की संख्या की जांच करने के लिए है। यह सोच कुछ इस तरह से की जाती है- जितने अधिक लोग होंगे उतना ही दुर्लभ संसाधनों में सबको कम हिस्सा मिलता है, इसलिए हम गरीब रहते हैं, पिछड़े रहते हैं और समय के साथ आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

यदि हमें जनता की बेहतरी के लिए काम करना है तो जनसंख्या को 'नियंत्रित' करना चाहिए तथा जो संसाधन मौजूद हैं उन्हें हमारे पास पहले से मौजूद जनसंख्या के लिए उपलब्ध कराना चाहिए। लोगों के एक बड़े वर्ग द्वारा पेश किया गया यह आसान सा उपाय नीतिगत कार्रवाई की मांग की एक पूर्व सूचना है जो सिद्धांत रूप में सभी वर्गों पर लागू होती है लेकिन व्यवहारिक रूप में इसका सबसे बुरा प्रभाव पिरामिड के सबसे निचले स्तर पर मौजूद उन लोगों पर पड़ता है जिनमें अधिक बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति होती है। इस तरह 'दो-बच्चे के मानक' की मांग काम करेगी और वे लोग जिनके यदि दो से अधिक बच्चे हैं तथा जिन्हें समर्थन, सब्सिडी, राशन व अन्य इनपुट की सबसे अधिक आवश्यकता है, तो उन्हें ये सारी सुविधाएं नहीं मिल सकतीं। यह तर्क देने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं कि जो परिणाम हम चाहते हैं उसमें वितरित करने में जनसंख्या की गतिशीलता बाधक नहीं है। उदाहरण के लिए भारत की कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट-टीएफआर, आसान शब्दों में कहें तो प्रति महिला बच्चों की संख्या) में लगातार गिरावट आई है। एनएफएचएस-1, 1990-92 में टीएफआर 3.39, एनएफएचएस-2, 1996-98 में 2.85, एनएफएचएस-3, 2003-05 में 2.18, एनएफएचएस-4, 2015-16 में 2.68 और एनएफएचएस-5, 2019-21 में गिरावट 1.99 दर्ज की गई। आज दक्षिण, पश्चिम और उत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों सहित 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रजनन क्षमता 2.1 से कम है जिसे स्थानापन्न प्रजनन दर कहते हैं (क्योंकि इस दर पर एक महिला और उसके साथी ने खुद को बदल दिया होगा)। फिर भी, जिसे 'जनसंख्या गति' कहा जाता है, उस पर रोक लगने में कुछ समय लगेगा क्योंकि महिलाओं की बड़ी संख्या अभी भी प्रजनन आयु की श्रेणी में हैं। टीएफआर निश्चित रूप से कई कारकों से प्रभावित है। सिक्किम में यह संख्या प्रति महिला 1.1 बच्चों से लेकर बिहार में प्रति महिला 3.0 बच्चों के उच्च स्तर तक है। अन्य धर्मों की तुलना में मुसलमानों के बीच टीएफआर 2.36 (एनएफएचएस-5) अधिक है, लेकिन इसमें भी गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। यहां टीएफआर वर्षों से नीचे जा रहा है: एनएफएचएस -1 में 4.41, एनएफएचएस -2 में 3.59, एनएफएचएस -3 में 3.40 और एनएफएचएस -4 में 2.62। बहस करने के लिए कई मायनों में संख्याओं का उपयोग करना संभव है लेकिन ध्यान रखना उचित होगा कि लोगों के एक निश्चित समूह में अपनी संख्या बढ़ाने के लिए कोई साजिश नहीं है।

## सहमी क्यों है पाकिस्तान सेना

आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान** में मोटी तोंद और लंबी मूंछों वाले सेना के अफसरों के खिलाफ अब कुछ सियासी रहनुमा बोलने लगे हैं। उनके करप्शन तथा अनैतिक कृत्यों को उजागर करने का साहस अब दिखा रहे हैं, जबकि भ्रष्टाचार का घड़ा फूटने ही वाला है क फिर भी, यह एक सकारात्मक संकेत सरहद के उस पार से आ तो रहा है। इसका स्वागत होना चाहिए। बीते दिनों पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तहरीके इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता आजम स्वती ने सेना प्रमुख कमर जमान बाजवा के खिलाफ एक ट्वीट किया। उन्होंने अपने ट्वीट में बाजवा के काले कारनामों का पदार्फाश किया। उनके इस कदम के बाद सेना ने आजम स्वती को गिरफ्तार कर लिया। पर यह तो मानना होगा कि पीटीआई के इस नेता का जमीर जिंदा है। वह एक भ्रष्ट सेना प्रमुख को आईना दिखाने की हिम्मत रखते हैं। पाकिस्तान में इस तरह के बेखौफ लोग बहुत नहीं हैं। इमरान खान की आप लाख कमियां निकाल लें, पर यह तो कहना होगा कि वे भी परोक्ष और अपरोक्ष रूप से सेना पर हल्ला बोलते रहते हैं। पाकिस्तान सेना की निंदा करना हर तरह से वाजिब है। इसने पाकिस्तान को कभी पनपने ही नहीं दिया। पाकिस्तान में लोकतंत्र को कभी सेना के जनरलों ने जमने का मौका नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान तबाह होता रहा। आज पाकिस्तान सारी दुनिया के पास कटोरा लेकर घूमता है, ताकि उसे कहीं से भीख मिल जाए। वहां की सेना माफिया गिरोह की तरह से काम करती है।

# मजदूरी न मिलने पर माकपा करेगी आन्दोलनः रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने मनरेगा मजदूरों की समस्यायें सुनकर प्रशासन को चेताया कि मजदूरों की मजदूरी न मिली तो माकपा सडकों पर उतरकर आन्दोलन को मजबूर होगी।

शनिवार को कर्वी ब्लाक के परसौंजा गांव के तमाम मनरेगा मजदूर माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र से भेंट करने कर्वी आये। मजदूरों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मनरेगा में एक माह से ज्यादा कार्य करने की मजदूरी बकाया है। प्रधान व सचिव ने कई




बार मजदूरी मांगने के बाद भी नहीं दी है। 2020-21 में किये कार्यों की मजदूरी शेष है। प्रधान व सचिव से मजदूरी मांगने पर बहानेबाजी कर मजदूरी देने से मना कर देते हैं। अनुसूचित जाति के गरीब मजदूर जानकर शोषण-उत्पीडन कर रहे हैं। गाली-गलौज कर धमकी देते हैं। महिला प्रधान प्रेमलता के पति दरबारीलाल उर्फ राजकरन पाण्डेय मजदूरी मांगने पर अश्लील शब्दों का प्रयोग कर कहता है कि जो करना है, कर लो। मजदूरी नहीं दूंगा।

माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि मजदूरों का हक एक सप्ताह में न मिलने पर माकपा सडक पर उतरकर आन्दोलन को बाध्य होगी।

# पीईटी परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश व्यवस्था न होने पर डीएम ने लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीईटी परीक्षा केन्द्र जेएम इंटर कालेज कर्वी, गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय बेडीपुलिया, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज में हो रही पीईटी परीक्षा का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे, रिकार्डर कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर विभिन्न कक्षों का जायजा लिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश व्यवस्था कम मिलने पर प्रधानाचार्यों से व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। सभी परीक्षा केन्द्रों में पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था चैकस रहे। जिलाधिकारी ने सेक्टर



मजिस्टेज्ट, स्टेटिक मजिस्टेज्ट, केन्द्र संचालकों को शान्तिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिये।

निरीक्षण में उनके साथ एडीएम नमामि गंगे सुनन्दू सुधाकरण, डीडीओ आरके त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, बीएसए लवप्रकाश यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# जंगली जानवरों के आतंक से भुखमरी की कगार पर किसानः भाकियू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू ने तहसील मऊ में जिला उपाध्यक्ष नीलकंठ द्विवेदी व तहसील राजापुर में तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में मासिक किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम मऊ व राजापुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तमाम गांवों के किसान भुखमरी की कगार में पहुंच गये हैं। दो सौ जंगली जानवरों का आतंक फैला है। शनिवार को तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि प्रसिद्धपुर, बछरन, गनीवा, चनहट, अर्जुनपुर, रमपुरिया, गढधुपुर, सिकरिया, तौरा, जमहिल समेत दर्जनों गांवों में जंगली जानवरों के आतंक से किसान भुखमरी की कगार पर है। किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जानवरों से फसल को संरक्षित न करने




पर किसान भुखमरी की कगार में आ जायेंगे। जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरद्वारा साधन सहकारी समिति को पुनर्जीवित कर खाद दिलाई जाये। समितियों में खाद जल्द उपलब्ध कराई जाये। नहरों की सिल्ट सफाई समय से करायें। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने गांवों में जल निकासी न होने से मच्छरों के अंबार से लोगों को जानकारी दी। युवा विंग जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह फौजी ने कहा कि अतिवृष्टि से किसानों की तिलहन की फसल नष्ट हो गई है। मौके पर मुआयना कर समय से मुआवजा दिलायें। पशु विभाग में शोपीस बनी एम्बुलेंस को चलाकर पशुओं का इलाज करायें। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि चकबन्दी के गांवों में लेखपालों की सूची एवं खतौनी की शुल्क सूची चस्पा कराई जाये, ताकि किसान ठगी के शिकार न हो सके। इस मौके पर नरेश तिवारी, रमेशचन्द्र पाठक, पप्पू सिंह, शत्रुघ्न सिंह, विजय कुमार, राजकुमार, योगेंद्र सिंह, राममूरत नामदेव, प्रेम सिंह, रामबालक पाल, उदयनारायण सिंह, वीरेंद्र पटेल, राज पांडेय आदि किसान मौजूद रहे।

# विलुप्त हो रही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतिः खरे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जिला आयुष सोसायटी ने आयुर्वेद को बढावा देने को जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराई।

शनिवार को मुख्यालय के जेएम बालिका इंटर कालेज में धन्वंतरी की प्रतिमा पर दीप जलाकर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन निरंतर आयुष को बढावा दे रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने आयुर्वेद पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद इलाज प्राचीन पद्धति है, जो विलुप्त होती जा रही है। इसे देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मुख्य धारा में लाने को संकल्पित हैं। जिलाधिकारी से नामित निर्णायक मंडल में अपर उपजिलाधिकारी श्रीमती आकांक्षा सिंह, रेडक्रास सोसायटी के सचिव केशव शिवहरे, आयुर्वेद कालेज अतर्रा



के प्रवक्ता डॉ बीरबल राम ने कहा कि ऐसे आयोजन से आयुष विधा को बढावा मिलेगा। प्रतियोगिता में सुषमा स्वरुप इंटर कालेज की आयुषी शुक्ला प्रथम, संटथामस की नंदनी शुक्ला द्वितीय, शान्ती देवी इंटर कालेज की संजना देवी तृतीय को क्रमशः 51 सौ, 21 सौ व 11 सौ रुपये तथा जेएम बालिका इंटर कालेज की रागनी शर्मा व जीजीआईसी कर्वी की सोनम को पांच सौ एक रुपये संत्वना पुरस्कार मिला। डॉ आशुतोष तिवारी नोडल आयुर्वेद ने बताया कि सातवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत प्रतियोगिता कराई गई है।

इस मौके पर डॉ प्रभु सिंह, डॉ सोम्या शुक्ला, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ मुकेश पाण्डेय, डॉ अरुण गुप्ता, डॉ अखिलेश पटेल, प्रधानाचार्य जेएम बालिका इंटर कालेज अभिमन्यु सिंह, विनोद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। आभार प्रधानाचार्य जेएम सिंह पब्लिक स्कूल अनूप श्रीवास्तव ने जताया।

# एक सप्ताह में समस्याओं का करें निस्तारणः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर शासन की मंशानुसार करायें।

शनिवार को मानिकपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि पीड़ितों की शिकायतें वास्तवित रुप से सुनें। मुख्यमंत्री के बार-बार निर्देश के बाद भी समस्याओं



का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से न होने से तहसील, थाना, ब्लाक स्तर व जिला मुख्यालय में पीड़ित प्रार्थना पत्र लेकर आते हैं। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने पर लोग नहीं आयेंगे।

उन्होंने एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि तालाब, सडक व अन्य सरकारी भूमि के अवैध कब्जे तत्काल अभियान चलाकर पुलिस बल के साथ हटवायें।

# पीडिता को मारपीट कर घर से निकाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के डिलौरा गांव की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि शादी का झांसा देकर राजू नामक युवक दो वर्षों से अवैध संबंध बनाकर तीन माह का गर्भ आने पर लातघूसों से पीटकर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया है। शनिवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से भेंटकर कहा कि राजू के शारीरिक संबंध बनाने से तीन माह का गर्भ होने पर राजू की पहली विवाहिता का पुत्र बच्चा, मनोहर व रामकेश तथा छोटू ने मिलकर उसे घर से बाहर निकालकर सडक में बेल्ट व लाठी-डण्डों तथा लातघूसों से पीटकर धमकी दी है कि कोतवाली में शिकायत करने पर जान से मार दिया जायेगा।

पीड़िता ने कहा कि उक्त लोगों ने सोने की माला और दस भर चांदी की पायल छीन लिया है। सात अक्टूबर को राजू के लडकों ने राजू को भगा दिया है। पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कर कानूनी कार्यवाही की जाये।

# जबरियां भूमि पर कब्जा पर उतारु हैं दबंग भू-माफिया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के सरधुआ थाने के हस्ता बांगर गांव के राकेश कुमार पुत्र स्व राममूर्ति ने सूबे के मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि गांव में दबंग दहशत फैलाकर भूमि हडप रहे हैं। भू-माफिया बनकर जीना दुश्वार किये हैं। शनिवार को हस्ता बांगर गांव के राकेश कुमार ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि उसके पिता ने छह दिसम्बर 1994 व तीन नवम्बर 1995 को भूमि का बैनामा लेकर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया है। पिता की मृत्यु के बाद चल-अचल सम्पत्ति पर काबिज है। गांव के दबंग अशोक कुमार पुत्र केवल प्रसाद, संतोष कुमार पुत्र अशोक कुमार व छोटेलाल पुत्र रामसिया गैंग बनाकर असलहों के जोर पर ग्रामीणों का उत्पीडन कर दहशत फैलाये हैं। प्रशासन से मिलीभगत कर नाजायज ढंग से जमीनों को हडप कर दबंगई के जोर पर काबिज हो रहे हैं।

पीड़ित ने कहा कि उसकी भूमि को जबरियां हडपने को दहशत फैलाने के इरादे से दस अक्टूबर 2022 से लगातार बेदखल करने में जुटे हैं। ग्रामीण रामप्रकाश पुत्र रामविशाल की आड में फसाद कराकर भू-माफिया जमीन हडपने की फिराक में हैं। पीड़ित ने मांग किया कि मामला दर्जकर उत्पीडन रोका जाये।

# सुरोनॉय दास बने शतरंज के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**किशनगंज।** मिलन पल्ली निवासी एक सरकारी कर्मचारी तथा सरकारी शिक्षिका सुनीता दास के 8 वर्षीय पुत्र सुरोनोय दास ने अपनी छोटी सी उम्र में शतरंज खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने में सफलता पाई है। सुरोनोय दास बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वर्ग तीसरी का छात्र है। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा खिलाड़ी के कोच कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि संप्रति नेपाल में आयोजित की गई एक अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के आधार पर शतरंज के अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था फिडे द्वारा सुरोनोय को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी घोषित किया गया है। फिडे ने शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में इन्हें 1161, जबकि ब्लिज प्रारूप में 1353 रेटिंग प्रदान किया है। विदित हो कि यह रेटिंग सामान्यतः 1000 से प्रारंभ होता है। विश्व में सर्वाधिक फिडे रेटिंग 2882 इन दिनों कुल 5 बार के विश्व चैंपियन खिलाड़ी पोलैंड के मैगनस कार्लसन को प्राप्त है। विधान पार्षद सह एमजीएम मेडिकल कॉलेज के निदेशक तथा संघ के वरीय मुख्य संरक्षक डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इस संघ के स्थापना वर्ष 1996 से ही वे इसके हितैषी रहे हैं। इस संघ के माध्यम से यहां के शतरंज खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में उनका




अन्य लोगों के साथ-साथ सुरोनोय को उनके इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपने यूनिवर्सिटी परिसर में आमंत्रित कर बधाई दी तथा खिलाड़ी का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहयोग पूर्व की भांति सर्वदा उपलब्ध रहेगा। मौके पर खिलाड़ी के दादा वरुण कुमार दास, महासचिव श्री दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव श्री कर्मकार एवं अन्य उपस्थित थे।

# बीसीसीआई को लगेगा 855 करोड़ का फटका, सरकार नहीं देगी विश्व कप के लिए कर में राहत

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिये अगर आईसीसी के प्रसारण राजस्व पर 21.84 प्रतिशत कर अधिभार लगाने के अपने फैसले पर केंद्र सरकार अडिग रहती है तो बीसीसीआई को करीब 955 करोड़ रूपये का नुकसान हो सकता है। भारत में अगले साल अक्टूबर नवंबर में 50 ओवरों का विश्व कप होना है। कर अधिभार के मायने हैं कि शुरूआती कीमत से इतर किसी वस्तु या सेवा पर अतिरिक्त फीस या कर लगाना। यह आम तौर पर मौजूदा कर में जोड़ा जाता है और किसी वस्तु या सेवा की दर्शाई गई कीमत में शामिल नहीं होता। आईसीसी के चलन के अनुसार मेजबान देश को सरकार से वैश्विक टूर्नामेंटों के आयोजन के लिये कर में रियायत लेनी होती है। भारत के कर नियमों में इस तरह की छूट का प्रावधान नहीं है। 2016 में टी20 विश्व कप की मेजबानी में भी बीसीसीआई को ऐसी छूटनहीं मिली थी और उसे 193 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ था । यह मामला अभी आईसीसी ट्रिब्यूनल में लंबित है।

बोर्ड की 18 अक्टूबर को होने वाली




एजीएम से पहले प्रदेश ईकाइयों को भेजी गई रिपोर्ट मं कहा गया- आईसीसी का अगला बड़ा टूर्नामेंट आईसीसी विश्व कप 2023 में अक्टूबर नवंबर में भारत में होना है। बीसीसीआई को अप्रैल 2022 तक आईसीसी को कर छूट के बारे में बताना था।

इसमें कहा गया- आईसीसी ने समय सीमा बढाकर 31 मई कर दी थी। बीसीसीआई ने इस वित्तीय वर्ष की शुरूआत में आईसीसी को बताया था कि 10 प्रतिशत कर (अधिभार के अलावा) देना पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर 21 . 84 प्रतिशत कर चुकाना पड़ा तो आईसीसी से बोर्ड के राजस्व पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। समझा जाता है कि बीसीसीआई कर अधिभार मौजूदा 21.84 प्रतिशत से घटाकर 10.92 प्रतिशत लाने के लिये बातचीत कर रहा है । अगर ऐसा हो पाता है तो उसे राजस्व में 430 करोड़ रूपये नुकसान होगा। आईसीसी के 2016 से 2023 के बीच के राजस्व पूल में बीसीसीआई का हिस्सा करीब 3336 करोड़ रूपये है । आईसीसी को भारत में 2023 में होने वाले इस टूर्नामेंट के प्रसारण से 4400 करोड़ रूपये राजस्व मिलने की उम्मीद है।

# सुरेश रैना ने हार्दिक के साथ इस प्लेयर को माना विश्व कप में भारत का 'एक्स फैक्टर'

**कोलकाता।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को लगता है कि ऋषभ पंत आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत के लिए हार्दिक पंड्या के साथ 'एक्स फैक्टर' हो सकते हैं। आल राउंडर रविंद्र जडेजा चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए जबकि आस्ट्रेलिया में शानदार रिकॉर्ड रखने वाले पंत वैसा ही प्रदर्शन कर सकते हैं जैसा युवराज और रैना ने एक बार पूर्व कप्तान एम एस धोनी के साथ मिलकर किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में शुरूआती विश्व टी20, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्राफी (अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट जिसमें टीम जीती थी) का खिताब अपनी झोली में डाला था।

रैना ने कहा कि मैं कहूंगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाजी की मध्यक्रम में मौजूदगी बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि एक से छठे नंबर तक हमारे पास बाएं हाथ का बल्लेबाज नहीं है और मुझे भरोसा है कि प्रतिद्वंद्वी के पास दो-तीन बाएं हाथ के गेंदबाज होंगे। हमने ऐसा बीते समय (2007, 2011 और 2013) में देखा है जिसमें गौती (गौतम गंभीर), युवी पा (युवराज सिंह) और मैंने जो भूमिका अदा की थी।

रैना से जब पूछा गया कि भारत को पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर दिनेश कार्तिक पर तरजीह देनी चाहिए या नहीं तो उन्होंने कहा कि




आपको हार्दिक के साथ 'एक्स फैक्टर' लाना होगा और 'एक्स फैक्टर' कौन हो सकता है। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत बायें हाथ के बल्लेबाज होने के नाते बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब युवी पा और मैं खेलते थे तो हम प्रतिद्वंद्वियों को डरा दिया करते थे। अब राहुल, रोहित को फैसला करना होगा कि वे किसे चुनते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस पर विचार कर रहे होंगे, लेकिन जो भी खेले, हमें जीतना होगा। कार्तिक टीम के 'फिनिशर' हैं लेकिन ऐसी संभावना नहीं है कि भारत अंतिम एकादश में दोनों विकेटकीपर बल्लेबाजों को उतारेगा। खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय रैना ने कहा कि डीके (कार्तिक) के पास मौका है, उसे एक भूमिका दी गई है। लेकिन मैं यह नहीं कह रहा हूं कि उन्हें पंत को कार्तिक पर तरजीह देनी चाहिए। जिसे भी मौका मिले, उसे जिम्मेदारी लेनी होगी और मैच में जीत दिलानी होगी।

# विदेश संदेश

## श्रीलंका को विकास के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की जरूरत : विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि संकटग्रस्त श्रीलंका को अपने विकास के लिए भारत के साथ सहयोग करना होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि दोनों देशों ने उत्तर-पूर्वी तट पर त्रिंकोमाली बंदरगाह के विकास के लिए भी हाथ मिलाया है। विक्रमसिंघे त्रिंकोमाली बंदरगाह जिले की एकीकृत विकास योजना का निरीक्षण करने के लिए जिले के दौर पर थे। उन्होंने कहा, 'हमें त्रिंकोमाली बंदरगाह और तेल टैंक परिसर के विकास में भारत के साथ संयुक्त रूप से काम करना होगा।' विक्रमसिंघे ने कहा, 'हमने 2003 में त्रिंकोमाली बंदरगाह समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



ट्रेड यूनियनों ने तब तेल टैंक समझौते का कड़ा विरोध किया था।' उन्होंने कहा कि अगर भारत को तेल टैंक संचालित करने की अनुमति दी जाती तो श्रीलंका को आज ईंधन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता। साल 2003 में प्रधानमंत्री के रूप में विक्रमसिंघे ने इंडियन ऑयल कंपनी को 100,000 अमेरिकी डॉलर के वार्षिक भुगतान पर त्रिंकोमाली में 850 एकड़ में निर्मित तेल टैंक विकसित करने के लिए सम्मानित किया था। इस तेल टैंक का निर्माण द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किया गया था।

## पीएमएल-एन नेताओं को 'समझौते' के तहत बरी करने का दावा गलतः पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक वरिष्ठ नेता की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया कि हाल ही में भ्रष्टाचार के मामलों में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पीएमएल-एन के अन्य नेताओं को सेना के साथ हुए एक समझौते के कारण बरी किया गया है। उन्होंने इस दावे को गलत बताया। लाहौर की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने इस हफ्ते प्रधानमंत्री और उनके बेटे हमजा शहबाज के खिलाफ 16 अरब रुपये के धनशोधन मामले को खारिज कर दिया था। इससे पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज को चर्चित भ्रष्टाचार मामले में आरोप मुक्त करार दिया था।

पूर्व गृह मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के असंतुष्ट नेता एतेजाज़ एहसान ने इस सप्ताह कहा था कि सेना ने भ्रष्टाचार के मामलों से मुक्त होने में शरीफ परिवार की मदद की। एहसान ने कहा था, बाजवा (सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा) साहब ने उन्हें (शरीफ परिवार को) मामलों में दोषसिद्धि से बचाया है और उन्होंने एक बड़ा अपराध किया है। एहसान की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि एहसान एक गद्दार हैं और उन्होंनेनिजी कुंठा के चलते यह टिप्पणी की है। आसिफ ने कहा कि पीएमएल-एन नेताओं ने हमेशा संविधान और अदालतों का सम्मान किया है और हाल के अदालती फैसलों ने उनकी बेगुनाही साबित की है। उन्होंने कहा, हमने अपनी कथनी और करनी से साबित कर दिया है कि हम संविधान का उल्लंघन नहीं करना चाहते और अदालतों ने समझ के आधार पर फैसला सुनाया है।

## यूक्रेन के हमलों के बीच खेरसॉन से निवासियों को निकालेगा रूस

**कीव।** यूक्रेनी सेना को दक्षिणी मोर्चे पर मिल रही बढ़त से रूस की चिंता बढ़ गयी है और वह आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र के निवासियों को निशुल्क आवास का वादा कर रहा है जो वहां से रूस जाना चाहते हैं। रूस के उप प्रधानमंत्री मरात खुस्नुलिन ने यह घोषणा की है। इससे कुछ देर पहले खेरसॉन के रूस समर्थित नेता व्लादिमीर साल्दो ने क्रेमलिन से क्षेत्र के चार शहरों से निवासियों को निकालने के लिए कहा था। खेरसॉन यूक्रेन के उन चार क्षेत्रों में से एक है जिन पर रूस ने पिछले महीने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था।साल्दो ने एक वीडियो पोस्ट कर कहा, ''खेरसॉन क्षेत्र के शहरों - खेरसॉन और नोवा काखोव्का, होला प्रिस्तान तथा चोर्नोबेव्का में रोज मिसाइल हमले हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इन मिसाइल हमलों से निवासियों को गंभीर नुकसान होता है। मिसाइलों हमलों की जद में होटल, रिहायशी इमारतें, बाजार और वे स्थान हैं जहां बहुत सारे नागरिक हैं।'' साल्दो ने कहा कि खेरसॉन के निवासियों को निकालकर रूस के रोस्तोव, क्रास्नोदर और स्ताव्रोपोल के साथ ही क्रीमिया ले जाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने निवासियों को निकालने का अनुरोध ऐसे वक्त में किया है जब यूक्रेनी सेना ने दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में अपना अभियान तेज कर दिया है। इस बीच रूस ने यूक्रेन के अहम प्रतिष्ठानों पर अपने हमले शुक्रवार को भी जारी रखे। जपोरिज्जिया क्षेत्र की राजधानी रातभर रूस के मिसाइल हमलों से दहल उठी।

# तुर्की की कोयला खदान में धमाका से 25 लोगों की मौत, कई घायल

**अंकारा।** उत्तरी तुर्किये में एक कोयला खदान में विस्फोट से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि बचावकर्ता वहां फंसे अन्य लोगों को बाहर निकालने के लिए रातभर काम में जुटे रहे। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट शाम छह बजकर 45 मिनट पर काला सागर के तटीय प्रांत बार्टिन के अमासरा शहर में सरकारी 'टीटीके अमासरा म्यूस्सेसे मुदुर्लुगु' खदान में हुआ। ऊर्जा मंत्री फातेह डोनमेज ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट कोयला खदानों में पाई जाने वाले ज्वलनशील गैसों के कारण हुआ। वहीं, गृह मंत्री सुलेमान सोयलु ने पत्रकारों को बताया कि विस्फोट के वक्त खदान में 110 लोग मौजूद थे। सोयलु बचाव अभियान के साथ



समन्वय करने के लिए अमासरा गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद ज्यादातर श्रमिकों को बचा लिया गया, लेकिन 49 मजदूर खदान के उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में फंस गए। हालांकि, सोयलु ने अभी यह नहीं स्पष्ट किया कि खदान में कुल कितने लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि करीब 49 श्रमिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बार्टिन के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि विस्फोट में 25 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री फहरेत्तिन कोका ने कम से कम 17 लोगों के घायल होने की जानकारी दी है, जिनमें से आठ का गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) में इलाज चल रहा है। तुर्किये की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि घटनास्थल पर कई बचाव दलों को भेजा गया है। राष्ट्रपति रज्जब तैय्यब एर्दोआन ने दक्षिण-पूर्वी शहर दियाबाकिर की अपनी नियोजित यात्रा रद्द कर दी है।

उन्होंने कहा कि वह बचाव अभियान का जायजा लेने अमासरा जाएंगे और तीन अभियोजकों को घटना की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

## यमन सरकार और हाउदी विद्रोहियों के बीच नहीं बढ़ा युद्ध विराम, भारत ने जताई निराशा

**न्यूयॉर्क।** यमन सरकार और हाउदी विद्रोहियों के बीच युद्ध विराम नहीं बढ़ सका है। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने निराशा जताई है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत एक बार फिर युद्ध विराम को विस्तार देने के लिए यमन की यात्रा पर हैं। यमन में ईरान समर्थित हाउदी विद्रोहियों ने वर्ष 2014 में राजधानी सना समेत देश के उत्तरी इलाकों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भीषण गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी और यमन की सरकार को निर्वासित घोषित कर दिया गया था। सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने यमन में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार की बहाली के लिए 2015 में प्रयास शुरू किया था। सात वर्षों से अधिक समय तक चले संघर्ष ने दुनिया का सबसे भयावह मानवीय संकट खड़ा कर दिया। इसमें 15 हजार आम नागरिकों सहित डेढ़ लाख से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। संयुक्त राष्ट्र संघ की मध्यस्थता में दोनों पक्षों ने दो अप्रैल को युद्ध विराम समझौते को स्वीकार किया था। यह समझौता दो-दो महीने के लिए तीन बार बढ़ कर दो अक्टूबर तक पहुंचा था। दो अक्टूबर के बाद से युद्ध विराम नहीं बढ़ाया जा सका है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत टिम लेंडरकिंग ने यमनी प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. रशद अल-अलीमी से इस मसले पर वार्ता की। कोई नतीजा न निकलने पर वह युद्ध विराम बढ़ाने के प्रयासों के लिए यमन की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस बीच युद्ध विराम न बढ़ने पर भारत ने निराशा जताई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी दूत रुचिरा कंबोज ने भारत की ओर से यमन की एकता और संघर्षग्रस्त देश के लोगों के प्रति एकजुटता प्रकट की।

# डिफेंडर्स डे पर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस पर जीत और यूक्रेन की स्वतंत्रता का किया वादा

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने डिफेंडर्स डे पर अपने साथी देशवासियों को संबोधित किया। यह दिवस 2015 से यूक्रेन में हर साल मनाया जाता है। जेलेंस्की ने अपने भाषण के दौरान यूक्रेनी सेनानियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जीत और यूक्रेन के लिए स्वतंत्रता का वादा किया।

राजधानी कीव के बाहर दिए गए एक वीडियो संबोधन में, जेलेंस्की ने यूक्रेन के सशस्त्र बलों को अपने देश की रक्षा करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से जो कुछ भी ले जाया गया था, उसे वापस कर दिया जाएगा, और कोई भी सैनिक कैद में नहीं रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि वर्तमान दुश्मन अपनी बुराई में



हमारे राज्य के उन सभी दुश्मनों को एकजुट करता है जिनका हमने पहले सामना किया था।

जेलेंस्की ने कहा कि एक ऐतिहासिक सैन्य चौकी की साइट डीनिप्रो नदी की ओर इशारा करती है। इस दुश्मन को हराकर , हम उन सभी दुश्मनों को जवाब देंगे, जिन्होंने यूक्रेन पर कब्जा कर लिया था। उन पर जो रहते थे और जो हमारी जमीन पर रहेंगे। यह हम सभी लोगों की जीत होगी। यह यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए एक जीत होगी।' जेलेंस्की ने आगे कहा, 'दुनिया देखती है कि यूक्रेनियन किसी भी परिस्थिति में अपनी मानवता नहीं खोते हैं। दुश्मन हमारे शहरों पर हमला कर सकता है, लेकिन हमारी मर्यादा पर कभी नहीं। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को शुरू किए गए यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हजारों लोगों को मारे जा चुके हैं, लाखों लोगों को विस्थापित किया, शहरों को मिसाइलों से कुचल दिया गया और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया।

## ब्रिटेन के वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग बर्खास्त, प्रधानमंत्री की आर्थिक घोषणा से पहले उथल-पुथल

**लंदन।** ब्रिटेन में आर्थिक उथल-पुथल का परिणाम सामने आने लगा है। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग को बर्खास्त कर दिया है। वे महज छह सप्ताह तक इस पद पर रह सके।

जानकारी के मुताबिक ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कार्यभार संभालने के बाद क्वासी क्वार्टेंग को वित्त मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी थी। वे ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर भी थे। इस बीच लिज ट्रस सरकार ने बड़े पैमाने पर कर कटौती की, जिससे देश में भीषण आर्थिक उथल-पुथल मची है। अब ब्रिटेन की प्रधानमंत्री पर अपनी आर्थिक नीतियों में बदलाव का दबाव है। इस दबाव के बीच ट्रस जल्द ही नई आर्थिक घोषणा करने की तैयारी कर रही हैं। इन्हीं तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री द्वारा अपने वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग को बर्खास्त किये जाने की जानकारी सामने आई है। बर्खास्तगी के साथ ही क्वार्टेंग ने 1970 के बाद से ब्रिटेन के सबसे कम समय तक



चांसलर रहने का 'रिकॉर्ड' अपने नाम कर लिया है। उनके कार्यकाल में कर में कटौती की घोषणा की गई जिससे पौंड की विनिमय दर में भारी गिरावट आई। इस कारण प्रधानमंत्री ट्रस पर 48 अरब डॉलर के कर कटौती के कुछ प्रस्तावों को खत्म करने का काफी दबाव है। चार दिन पहले, दस अक्टूबर को ट्रस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रहे ऋषि सुनक के एक सहयोगी ग्रेग हैंड्स को कनिष्ठ वाणिज्य मंत्री बनाया था। लिज ट्रस के इस कदम को सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी को अपने साथ जोड़कर विद्रोहियों की चाल पर अंकुश लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# रूस ने नाटो से जुड़े देशों की सीमाओं पर तैनात किए परमाणु हथियार से लैस बमवर्षक विमान

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के खिलाफ जारी जंग के बीच नाटो से जुड़े देशों की सीमाओं पर भी परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बमवर्षक विमानों की तैनाती कर दी है। माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। रूस ने नार्वे की सीमा पर एक दो नहीं बल्कि 11 बमवर्षक विमान तैनात कर दिए हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से परमाणु हमलों की धमकी के बाद रूसी की बमवर्षक विमानों को नाटो देशों की सीमा के करीब देखा गया है। एक सैटेलाइट इमेज में नॉर्वे की सीमा से 20 मील की दूरी पर रूस के टीयू-160 और टीयू-95 बॉम्बर्स की फ्लीट नजर आए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इसी महीने की सात तारीख को ली गई तस्वीर में रूस के एयरबेस ओलेन्या पर सात बमवर्षक और चार टीयू-95 विमान नजर आए हैं। वहीं, इसके दो दिन बाद ली गई तस्वीर में



सात बमवर्षक विमानों में से एक को रनवे पर उड़ान भरते हुए भी देखा गया है। टीयू-160 को रूस का सबसे घातक विमान माना जाता है। इसके रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह दो मैक की गति से उड़ान भर सकता है। इसके साथ-साथ ऑपरेशन के दौरान यह 7500 मील की दूरी बिना रुक तय कर सकता है।

यूक्रेन पर परमाणु हमले को लेकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि मॉस्को तभी परमाणु हथियारों का सहारा लेगा जब रूस को तबाही का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश रूस की मंशा को लेकर झूठी अटकलों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस बीच रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को चेताया कि यूक्रेन को पश्चिमी देशों की सैन्य सहायता, नाटो के सदस्य देशों में उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करना, यूक्रेन को उपग्रह का डेटा उपलब्ध कराना, पश्चिमी देशों को कीव की तरफ से संघर्ष में तेज़ी से शामिल कर रहा है। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस अपने क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकेगा।

रूस की ओर से नाटो देशों की सीमा पर खतरनाक बॉम्बर टीयू-160 की तैनाती इसलिए भी अहम है क्योंकि यह 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इसके साथ-साथ यह 110000 किलोग्राम वजन अपने साथ ले जाने में भी सक्षम है। ऐसे परमाणु हथियारों को ले जाने में इसे किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। इस विमान के ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसके पंखों का फैलाव ही 58 मीटर के करीब है।

रूस के खिलाफ लड़ाई के बीच यूक्रेन औपचारिक रूप से नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन दिया है। यूक्रेन का आवेदन देना रूस को नागवार गुजरा है। जिसके जवाब में रूस की सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने कहा कि कीव अच्छी तरह से जानता है कि इस तरह के कदम का मतलब तीसरे विश्व युद्ध की गारंटी होगी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन पर हमले और युद्ध का कोई पछतावा नहीं, कहा- भारत ने की थी शांति की पहल

**अस्ताना।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में कहा कि उन्हें यूक्रेन युद्ध का कोई पछतावा नहीं है क्योंकि उनका देश जो कर रहा है वो सही है। ज्ञात रहे कि यूक्रेन युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं और लाखों विस्थापित हुए हैं लेकिन पुतिन को का कहना है कि उसे इस पर कोई पछतावा नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारत का भी जिक्र किया है।

गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध के शुरू होने से पहले ही भारत कहता आ रहा है कि इस मसले का हल किया है। हालांकि इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन वार्ता के लिए तैयार नहीं था। उज्बेकिस्तान



के समरकंद शहर में पिछले महीने हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक से इतर पीएम मोदी ने पुतिन के साथ सीधी वार्ता की थी। इस दौरान पीएम ने कहा था कि %हम सब जानते हैं कि यह युग युद्ध का नहीं है और किसी भी मसले का हल बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन पर आठ महीने लंबे युद्ध को लेकर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस का उद्देश्य अपने पड़ोसी को नष्ट करना नहीं है। पुतिन ने यह भी कहा कि नाटो सैनिकों के साथ सीधा संघर्ष विनाशकारी होगा। पुतिन ने कहा कि अभी के लिए, यूक्रेन पर किसी और बड़े हमले की योजना नहीं है। पुतिन से जब पूछा गया कि क्या उन्हें यूक्रेन में संघर्ष को लेकर खेद है या रूस जो कर रहा है वो सही है, इस पर उन्होंने कहा कि नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें यूक्रेन में संघर्ष के बारे में कोई पछतावा नहीं है जिसमें हजारों लोग मारे गए, कई शहर नष्ट हुए और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। लेकिन इसके साथ पुतिन ने कहा कि आज जो हो रहा है वह सुखद नहीं है। लेकिन फिर भी, (अगर रूस ने फरवरी में हमला नहीं किया होता) तो हम एक ही स्थिति में होते, जिससे केवल हमारे लिए ही हालात बदतर होते। इसलिए हम सब कुछ ठीक कर रहे हैं।

व्लादिमीर पुतिन ने आगे की योजना की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा है कि सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों की सेना में तैनाती संबंधी उनके फैसले पर दो सप्ताह में पूरी तरह अमल किया जाएगा। पुतिन की टिप्पणी से पहले जर्मन रक्षा मंत्री क्रिस्टीन लैंब्रेच ने कहा था कि नाटो के सहयोगियों को यूक्रेन के समर्थन के साथ आगे बढ़ना चाहिए और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की रूस की धमकियों को गंभीरता से लेना चाहिए।

# पाकिस्तान में अस्पताल की छत पर मिले पांच सौ लावारिस शव, कई अंग गायब

**- मानव अंग तस्करी की आशंका, छह सदस्यीय जांच समिति गठित**

**- बलूच नेताओं की मांग, संयुक्त राष्ट्र संघ कराए पूरे मामले की जांच**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के एक अस्पताल की छत पर पांच सौ लावारिश शव मिलने से हड़कंप मच गया है। इन शवों के कई अंग गायब होने से मानव अंग तस्करी की आशंका जताई जा रही है।

सरकार ने छह सदस्यीय जांच समिति गठित की है, ताकि पूरे मामले की सघन छानबीन की जा सके। बलूच नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मामले की जांच कराने की अपील की है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुल्तान स्थित निश्तार अस्पताल की छत पर पांच सौ शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े मिले हैं। इन शवों की पड़ताल की गयी तो पता चला कि इन शवों के कई अंग गायब हैं। खास बात यह




दिखी कि सभी शवों की छाती को बीच से काट कर चीर फाड़ की गयी है। इन शवों से कई मानव अंग गायब मिले हैं। इसलिए अवैध तरीके से मानव अंगों की तस्करी का व्यापार किये जाने की आशंका है। माना जा रहा है कि किडनी, लिवर, ह्रदय आदि अंग निकालकर शव अस्पताल की छत पर फेंक दिये गए हैं।

इस संबंध में जानकारी मिलने पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के सलाहकार चौधरी जमां गुर्जर ने अस्पताल का दौरा किया। वे स्वयं अस्पताल की छत पर पांच सौ शव देखकर चौंक गए। उन्होंने सभी शवों का अंतिम संस्कार सुनिश्चित करने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले की गहन जांच कर इन स्थितियों के लिए दोषी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सरकार की सख्ती के बाद दक्षिण पंजाब के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच के लिए छह सदस्यों की एक टीम का गठन किया है। यह टीम मामले की सघन छानबीन कर शासन को अपनी रिपोर्ट देगी। यह अस्पताल पंजाब प्रांत की निश्तार मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध अस्पताल है। यहां के एक छात्र ने दावा किया कि वे लोग इन शवों की मदद से चिकित्सकीय प्रयोग कर रहे थे। इन शवों का पूरा प्रयोग व विच्छेदन आदि पहले ही किया जा चुका था। अब उन शवों से हड्डियां व खोपड़ी निकालने के लिए उन्हें अस्पताल की छत पर रखा गया था। जांच समिति इन सभी पहलुओं की भी पड़ताल करेगी। उधर पाकिस्तान में अलग बलूचिस्तान की मांग को लेकर आंदोलित बलूच नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जो शव अस्पताल की छत पर मिले हैं, इनमें से अधिकांश उन लोगों के हैं, जो लंबे समय से गायब बताए जा रहे थे।

# जलवायु परिवर्तन हममें से कुछ को दूसरों की तुलना में ज्यादा नुकसान पहुंचाता है

**लदंन।** हमारे चारों ओर, जलवायु परिवर्तन मौजूदा कठिनाइयों को बढ़ा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में, ऊर्जा और ईंधन की कीमतों में वृद्धि, और उत्तरी न्यू साउथ वेल्स में बाढ़ की प्रतिक्रिया के रूप में हमें कम आय वाले परिवारों को देखने की जरूरत है, जहां विकलांग लोगों की जरूरतों की अनदेखी की जाती है। ये ''जलवायु अन्याय'' के उदाहरण हैं। ऑस्ट्रेलिया में जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय पर हमारे शोध में, हमने बार-बार पाया है कि पहले से ही हाशिए पर रहने वाले लोग जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं।लेकिन महत्वपूर्ण रूप से, ये अक्सर सामाजिक आंदोलनों का नेतृत्व करने वाले समूह होते हैं जो मांग करते हैं कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समानता और निष्पक्षता जलवायु कार्रवाई के केंद्र में हो। अफसोस की बात है कि जलवायु न्याय अभी भी वर्तमान जलवायु विचार-विमर्श के केंद्र में नहीं है, जैसा कि हाल ही में उत्सर्जन पर भारी प्रभाव के बावजूद नई कोयला और गैस परियोजनाओं को खारिज करने से लेबर पार्टी के इनकार में स्पष्ट होता है। इन जटिल अन्यायों के लिए परिवर्तनकारी नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पीछे न छूटे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।